e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 20

शुक्रवार

20.01.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

आपको वह नहीं मिलता, जो आप चाहते है, आप जिसके योग्य है, वहीं मिलेगा, यही विधान है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### फिल्म अभिनेत्री राखी सावंत गिरफ्तार

**मुंबई :** फिल्म अभिनेत्री राखी सावंत को अंबोली पुलिस स्टेशन की टीम ने मॉडल शर्लिन चोपड़ा के बारे एक आपत्तिजनक बयान देने के मामले में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस राखी को अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार राखी सावंत के विरुद्ध माडल शर्लिन चोपड़ा ने आपत्तिजनक बयान देकर उसकी बदनामी करने का मामला अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाया था। इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए राखी सावंत ने बुधवार को मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल किया था, जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद गुरुवार को सुबह पुलिस ने राखी सावंत को गिरफ्तार कर लिया गया।

### न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर ओवरहेड तार के संपर्क में आकर झुलसे कई जवान, एक की मौत

**कोलकाता :** न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर गुरुवार सुबह सुबह दुर्घटना हुई है। यहां ट्रेलर के टैंकर में पानी की मात्रा देखने के लिए ऊपर चढ़े सेना के कुछ जवान ओवरहेड तार के संपर्क में आकर झुलस गये। इनमें से एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायलों को जिन्हें निकटवर्ती रेलवे अस्पताल में भर्ती किया गया है। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### सीरम इंस्टीट्यूट चीन को कोरोना वैक्सीन देने को तैयार : पूनावाला

**पुणे :** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि वे कोरोना वैक्सीन कोवोवेक्स और कोविशिल्ड चीन को देने को तैयार है, क्योंकि दुनिया अभी भी कोविड से उबर नहीं पा रही है। कोरोना वैक्सीन आने पर हमें लगा कि हम इस बुरे दौर से उबर जाएंगे, लेकिन चीन अभी भी कोरोना का कारण बना हुआ है। उन्होंने कहा मेरा विचार है कि चीन जल्द से जल्द इस मुसीबत से पार पा जाए, क्योंकि चीन की मौजूदा स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है और हम कोरोना के खिलाफ जंग में उनकी सफलता की कामना करते हैं। दुनिया के हर देश को, हर किसी को इस स्थिति से उबरना जरूरी है।

### महिला आयोग की अध्यक्ष को कार से घसीटा

**नई दिल्ली :** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ बीती देर रात बदसलूकी का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मालीवाल को कार से 10-15 मीटर तक घसीटा गया। यह घटना करीब 3.11 बजे एम्स गेट 2 के सामने हुई। दिल्ली के दक्षिण जिले की डीसीपी चंदन सिंह ने कहा कि आज हौज खास थाने में एक कॉल आई, एक महिला को एक कार वाले ने गलत इशारे किए और 10-15 मीटर तक घसीटा। पुलिस ने बताया कि गरुणा वैन की मदद से आरोपित को पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की उम्र 47 साल है और उसने शराब का सेवन कर रखा था। वहीं डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा कि- कल देर रात मैं दिल्ली में महिला सुरक्षा के हालात का जायजा ले रही थी। एक गाड़ी वाले ने नशे की हालत में मुझसे छेड़छाड़ की और जब मैंने उसे पकड़ा तो गाड़ी के शीशे से मेरा हाथ बंद कर मुझे घसीटा। भगवान ने जान बचाई। यदि दिल्ली में महिला आयोग की अध्यक्ष सुरक्षित नहीं, तो हाल सोच लीजिए।

### जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

# शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**शुद्ध जल जीवन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण पहलू : गजेंद्र सिंह शेखावत**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य में संचालित जल जीवन मिशन (हर घर नल-जल योजना) एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के गठन के पूर्व तक झारखंड में केवल 3.45 लाख (05 प्रतिशत) घरों में नल से जल उपलब्ध हो पाया था। सरकार के पिछले 3 वर्षों में 14.12 लाख परिवारों को हर घर नल से जल के तहत आच्छादित किया जा चुका है। यानी अब तक लगभग राज्य के 17.57 लाख (28.73 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य के 630 गांव 105 ग्राम पंचायत तथा एक प्रखंड को शत-प्रतिशत हर घर नल से जल के साथ आच्छादित किया जा चुका है। झारखंड राज्य में सर्वाधिक सौर ऊर्जा आधारित जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी वरीय अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े विभिन्न जिलों के उपायुक्तों को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में अभी आप सभी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बातों को सुना है। उम्मीद करते हैं कि आप सभी इनके द्वारा प्वाइंट आउट किए गए मुद्दों पर हर हाल में सुधार लाएंगे।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव श्रीमती विनी महाजन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री एल ख्यानगते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव.विनय कुमार चौबे, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फायदेमंद रहा

इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से कहा कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की कार्य योजनाओं में तेजी लाएं। आपके प्रयास से दोनों कार्यक्रमों के मिशन को ससमय पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो आंकड़ों में अवश्य सुधार दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के वैसे गांव जहां जल स्रोत नहीं है या शुद्ध जल स्रोत पर्याप्त नहीं है वैसे ग्रामीण क्षेत्रों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। जल जीवन सर्वेक्षण भी इस कार्य में मददगार साबित होगा। राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के मुहिम में प्रयास को और तेज करने की आवश्यकता है। कहा कि शुद्ध जल एवं स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण पहलू है। शुद्ध जल एवं स्वच्छता से लोग बीमारियों से बच रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बचत भी हो रही है।

#### स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने अनुभवी पदाधिकारी और अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं के बावजूद अगर हम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करा पा पाएं तो यह दुर्भाग्य की बात होगी। हम सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझें और जिम्मेदारी को पूरा भी करें। झारखंड में सभी को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हमारी सरकार दे रही है। यहां के मजदूर, किसान, जरूरतमंद सहित सभी वर्गों को शुद्ध पेयजल के लिए कोई वित्तीय भार न उठाना पड़े का पूरा ख्याल रखा गया है। मुख्यमंत्री ने जिलों के उपायुक्तों से कहा कि सभी स्कूलों एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाएं।

### मुंबई-गोवा हाईवे पर दो अलग-अलग हादसों में

# 24 लोगों की मौत



**पुलिस के अनुसार मुंबई-गोवा हाईवे पर कणकवली के वागड़े पुल के पास एक निजी बस चालक नियंत्रण बिगड़ जाने से पलट गई। यह बस मुंबई से गोवा की ओर जा रही थी और इस बस में 36 यात्री सवार थे।**

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई-गोवा हाईवे पर कोंकण विभाग में गुरुवार की सुबह दो अलग-अलग हादसों में 24 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार मुंबई-गोवा हाईवे पर कणकवली के वागड़े पुल के पास एक निजी बस चालक नियंत्रण बिगड़ जाने से पलट गई। यह बस मुंबई से गोवा की ओर जा रही थी और इस बस में 36 यात्री सवार थे। इस हादसे में मौके पर 4 लोगों की मौत हो गई थी और 23 लोग घायल हो गए थे।

सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अस्पताल में 10 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस तरह इस घटना में कुल मृतकों की संख्या 14 हो गई है और इस समय 13 लोगों का इलाज जारी है। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घारगे ने बताया कि दूसरा हादसा भी मुंबई-गोवा हाईवे पर हुआ।

आज सुबह तकरीबन पांच बजे एक इको कार मुंबई से गुहागार की ओर जा रही थी। माणगांव तहसील में रेपोली गांव के पास मुंबई-गोवा हाईवे पर यह कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक चार साल का बच्चा घायल हो गया।

घायल बच्चे का इलाज माणगांव के शासकीय अस्पताल में हो रहा था, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। इस तरह आज मुंबई-गोवा हाईवे पर इन दोनों हादसों में 24 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोगों का इलाज जारी है।

## वोट बैंक की राजनीति नहीं विकास हमारी प्राथमिकता : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**यादगिर/नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है। यह तभी हो सकता है जब हर व्यक्ति, परिवार और राज्य इस अभियान से जुड़ें।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जो राजनीतिक दल सरकार में थे उन्होंने सड़क, बिजली और पानी के बुनियादी ढांचे के लिए काम करने के बजाय वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया। मोदी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता विकास है न कि वोट बैंक की राजनीति।

प्रधानमंत्री गुरुवार को कर्नाटक के यादगिर जिले के कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास से जुड़ी विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत यादगिर बहु-ग्राम पेयजल आपूर्ति योजना और सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे एनएच-150सी के 65.5 किमी लंबे खंड (बदादल से मरदगी एस अंडोला तक) की आधारशिला रखना और नारायणपुर लेफ्ट बैंक कैनाल का विस्तारीकरण, पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण परियोजना (एनएलबीसी - ईआरएम) शामिल है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यादगीर के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डालते हुए रत्तीहल्ली के प्राचीन किले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमारे पूर्वजों की क्षमताओं का प्रतीक है और हमारी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने महान राजा महाराजा वेंकटप्पा नायक की विरासत का भी उल्लेख किया जिनके स्वराज और सुशासन के विचार पूरे देश में प्रसिद्ध थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सभी को इस विरासत पर गर्व है। सड़कों और पानी से जुड़ी जिन परियोजनाओं का आज शिलान्यास किया गया उनका जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को व्यापक लाभ मिलेगा। सूरत चेन्नई कॉरिडोर के कर्नाटक हिस्से में भी आज काम शुरू हुआ, जिससे यादगिर, रायचूर और कलबुर्गी सहित क्षेत्र में जीवन यापन में आसानी होगी और रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने उत्तरी कर्नाटक में विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार की सराहना की। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि आने वाले 25 साल देश और प्रत्येक राज्य के लिए 'अमृत काल' हैं। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में हमें विकसित भारत बनाना है। यह तभी हो सकता है जब हर व्यक्ति, परिवार और राज्य इस अभियान से जुड़ें। भारत का विकास तब हो सकता है जब खेत में किसान और उद्यमी का जीवन सुधरे। भारत का विकास तब हो सकता है जब अच्छी फसल हो और कारखानों में उत्पादन भी बढ़े।

## पलामू पुलिस का टीपीसी नक्सलियों के साथ मुठभेड़, हथियार बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के बिसरांव जंगल में गुरुवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी व पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई. इस दौरान करीब 70 राउंड गोली चलने की सूचना है. पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों के पैर उखड़ गए.नक्सलियों द्वारा बीहड़ जंगल में कैम्प लगाया गया था. कैम्प में टीएसपीसी के करीब 15 सदस्य थे और बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना तैयार की जा रही थी. सीआरपीएफ और पुलिस ने कैम्प को ध्वस्त कर दिया. मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में सुरक्षाबलों को एक गन समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद हुई है. पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि बिसरांव जंगल मे टीएसपीसी का दस्ता रुका हुआ है और किसी बड़ी योजना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है. इसी सूचना के आलोक में सीआरपीएफ के 134 बटालियन और पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया. सुरक्षाबल की टीम जैसे ही मौके पर पंहुची नक्सलियों के संतरी ने फायरिंग शुरू कर दी. नक्सलियों का कैम्प पहाड़ी पर चल रहा था. यह कैम्प टीएसपीसी के कमांडर शशिकांत के नेतृत्व में लगाया गया था. जानकारी के अनुसार नक्सली दस्ते के पास एके 47, इंसास समेत कई आधुनिक हथियार मौजूद थे.

जिस इलाके में यह दस्ता रुका हुआ था वह इलाका चतरा के कुंदा सीमा से सटा हुआ है. सुरक्षाबल और टीएसपीसी के बीच उस इलाके में आधा दर्जन से अधिक बार मुठभेड़ हुई है. यह इलाका टीएसपीसी का सुरक्षित ठिकाना रहा है. इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू के पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा ने बताया कि जिले में नक्सली गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए पुलिस दिन-रात काम कर रही है. सूचना मिलते ही पुलिस जंगलों की और पूछ कर जाती है और नक्सलियों से लोहा लेने में जुट जाती है. उन्होंने कहा कि मनातू जंगल में मुठभेड़ इसी का नतीजा है.

## झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 14 मार्च से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षाएं 14 मार्च से शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षाएं तीन अप्रैल और इंटर की पांच अप्रैल तक चलेंगी। इस वर्ष सौ फीसदी सिलेबस के आधार पर परीक्षा ली जायेगी। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा। परीक्षा परिणाम 15 जून तक जारी कर दिया जायेगा। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कई ऐसे परीक्षा केंद्र भी हैं, जहां मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षा होगी। मैट्रिक के परीक्षार्थियों का प्रेक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित स्कूलों में होगा। इंटर का प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित संस्थानों में होगा। स्कूल और कॉलेज आठ फरवरी से छह मार्च तक प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक जैक की वेबसाइट में अपलोड कर सकेंगे। अगर कोई छात्र प्रायोगिक परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहेगा तो उसे बाद में मौका नहीं मिलेगा न ही उनके आवेदन पर विचार होगा। ऐसे छात्र-छात्राओं के प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं जोड़े जाएंगे और उससे उनका परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी स्कूल और कॉलेज की होगी।



**राज्य के 14 सौ केंद्रों में आठ लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

इस साल राज्य के 14 सौ केंद्रों में आठ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस साल मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड स्तर पर बनाए गए केंद्रों में ली जाएगी। इंटर की परीक्षा के लिए अनुमंडल स्तर केंद्र बनाए गए हैं। सभी जिले से परीक्षा केंद्र निर्धारण कर रिपोर्ट जैक को भेज दी गयी है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

पिछले वर्ष कुल 1936 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कोरोना के कारण पिछले वर्ष परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई थी। इस वर्ष पूर्व की भांति केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

जैक के आंकड़ों के मुताबिक इस साल मैट्रिक की परीक्षा में सबसे ज्यादा बच्चे शामिल होने वाले हैं। मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह वर्ष 2023 की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक और इंटर दोनों ही परीक्षाओं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

रांची में 159 केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 102 और इंटर की परीक्षा के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रांची से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस वर्ष मैट्रिक से अधिक परीक्षार्थी इंटर में हैं।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के मैट्रिक तथा इंटर के परीक्षार्थियों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जायेगा। जेसीईआरटी ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। विशेष कक्षा का संचालन ऑनलाइन जेसीईआरटी करेगी। इसके लिए रूटीन स्कूलों को भेजा गया है। कक्षा 10वीं की छात्राओं के लिए कक्षा संचालन एक से दो बजे तक और कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए दो से तीन बजे तक होगा।

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाले दोषी को आजीवन कारावास

**दुमका:** सजा डीजे वन रमेश चंद्रा की अदालत ने गुरूवार को आदिवासी किशोरी छात्रा से दुष्कर्म करने वाले दोषी सिकंदर शेख उर्फ मौजी मियां उर्फ मजिद मिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग सजा और जुर्माना किया है। न्यायालय ने अभियुक्त को पोक्सो 27/17 काठीकुंड कांड संख्या 48/17 में पोक्सों एक्ट 6 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं देने की स्थिति में तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय भादवी की धारा 366 के तहत 7 साल सजा और 10 हजार जुर्माना किया है।

# गाजे बाजे के साथ निकाला भव्य कलश शोभा यात्रा, शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

➲विश्रामपुर थाना परिसर में कराया गया है भव्य शिविर मंदिर का निर्माण

➲हर हर महादेव से गूंजा विश्रामपुर,



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना परिसर में स्थित नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित अनुष्ठान महायज्ञ गुरुवार से शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ। जो छः किलोमीटर दूर रेहला कोयल नदी तट तक गया। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरा गया। कलश में जल भरकर श्रद्धालु वापस विश्रामपुर आए?। नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालु यज्ञशाला पंहूचे जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश को स्थापित किया गया। यज्ञ को सफल बनाने में आचार्य सूर्यकांत मणि त्रिपाठी, ललन मिश्रा, कृष्ण कांत मिश्र, मंजीत मिश्रा, अखिलेश पाठक वैदिक मंत्रोच्चारण किया जा रहा है। इस बीच हर हर महादेव से विश्रामपुर गुंजायमान रहा। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ लोगों में भक्ति की भावना की ओर मजबूत करता है। यज्ञ से वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। वरीय समाजसेवी सह राजनितिज्ञ अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा व अधर्मियों के नाश हेतु यज्ञ का आयोजन बेहद जरूरी है। सनातन धर्म में यज्ञ से बड़ा कोई अनुष्ठान नही है। कलश शोभा यात्रा में विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, एएसआई अनिल सिंह, संजय सिंह, एस एन सिंह, यज्ञ समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, संरक्षक प्रेम शंकर दुबे, यज्ञ आयोजक अनंत कुमार सिंह, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विजय कुमार रवि, विजय चौधरी, विजय पांडेय, अवधेश सोनी, राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी, मनीष गुप्ता, गोपाल सोनी, राजेंद्र केशरी, सोनू दुबे, राजू बाजपेयी, राजेश मार्शल, उमा शंकर गुप्ता, चंदन गुप्ता, विनोद विश्वकर्मा, प्रवीन सिंह, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, राहुल दुबे, एस एम एसले, उमेश सोनी, राज कुमार मेहता, सत्यम सोनी, अमितेश्वर दयाल, पंडित अचियुतानंद पांडेय, अशोक दुबे, टुन्नू बक्सराय, हरिशंकर सिंह, संजय ठाकुर, आगम दास, अनिल ठाकुर, धर्मराज गुप्ता, चंदेश्वर चौधरी, कृष्णा मिश्रा, उमाकांत पांडेय, सलिमुद्दिन अंसारी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

## अटल क्लीनिक में अब नियमित रूप से बैठेंगे डॉक्टर, 4 चिकित्सकों का चयन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में कुल 6 अटल क्लिनिक हैं। जिसमें 5 डाल्टनगंज और एक छतरपुर में स्थापित है। डाल्टनगंज के पांच अटल क्लिनिक के लिए अभी तक कुल चार चिकित्सकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर कर लिया गया है। डीडीसी रवि आनंद की अध्यक्षता में अनुबंध के आधार पर चार चिकित्सकों का साक्षात्कार कर अंतिम सूची तैयार कर दी गई है। 25 जनवरी से मेदनीनगर के पांच अटल क्लिनिक में नियमित रुप से डॉक्टर बैठेंगे। साक्षात्कार बोर्ड में आरडीडीएच डॉ. संतोष श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार और मेदिनीनगर मेडिकल अस्पताल अधीक्षक के प्रतिनिधि डॉ. आर के रंजन मौजूद थे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विद्युत ऊर्जा चोरी व बकाया बिजली बिल वसूलने का अभियान विभाग द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व बिजली विभाग के कनीय अभियंता शिवम पांडेय ने खुद किया। गुरुवार के अभियान में तीन लोग विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़े गए। जिनपर विश्रामपुर थाना में ऊर्जा चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिन पर प्राथमिकी दर्ज हुई है उनमें कोशियर गांव के महमूद अंसारी, मायापुर के अकलू विश्वकर्मा व तोलरा के अभिमन्यु तिवारी का नाम शामिल है। शिवम पांडेय ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गणतंत्र दिवस के दिन मांस, मदिरा की दुकाने बंद रहेगी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के दिन नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के मांस, मदिरा (शराब) की दुकानें बंद रहेगी। डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आनंद ने सूचित किया है कि गणतंत्र दिवस के दिन मांस मदिरा की दुकाने बंद रहेगी। उक्त तिथि को दुकान बंद नही होने पर निगम द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर से स्कूटी बाइक की चोरी




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र पहाड़ी मोहल्ला निवासी पिंटू राइन का स्कूटी जेएच03यू 1420 बीती रात चोर चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में पिंटू राइन ने बताया कि बीती रात घर के बाहर नूरी मस्जिद के पास से उसकी स्कूटी की चोरी हो गई। स्कूटी चोरी होने के बाद गुरुवार की सुबह वह अपने आसपास के लोगों से इसकी जानकारी ली।लेकिन किसी ने स्कूटी चोरी होने से संबंधित जानकारी नहीं दिया। इसके बाद पिंटू राइन के द्वारा स्कूटी चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया गया है। वही मामला दर्ज होने के बाद शहर थाना की पुलिस चोरी हुई स्कूटी को खोजने में जुट गई है।

## संकुल संसाधन केंद्र नावा बाजार में बीडीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार :** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित संकुल संसाधन केंद्र में वीडियो मोहम्मद अमीर हमजा के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक की बैठक बृहस्पतिवार को की गई। बैठक का संचालन प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार बचने की। मौके पर वीडियो मोहम्मद अमीर हमजा ने कहा कि सभी शिक्षक बच्चों को शत-प्रतिशत पोशाक वितरण के साथ बच्चे को कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले छात्रवृत्ति योजना के लिए नजदीकी बैंक कर्मी के साथ अनिवार्य रूप से खाता खुलवाने के लिए सुनिश्चित करें विद्यालय में शिशु पंजी अधैनिकण कर प्रारंभ करें साथ ही सभी शिक्षक नियमित समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने का कृत संकल्पित हो वैसे विद्यालय के शिक्षक जहां प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जहां विद्यालय भवन तथा शौचालय अपूर्ण है वह एक सप्ताह के अंदर गबन की गई राशि को जिला कार्यालय लौट आना सुनिश्चित करें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें वहीं उप प्रमुख अमीर खुर्शीद आलम ने कहा कि शिक्षक विद्यालय में रंग रोहन कार्य गुणवत्ता पूर्ण करें तथा झारखंड सरकार के नए मध्यान्ह भोजन चार्ट के अनुरूप बच्चे को पोषक तत्व रहित भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें बच्चे को आधार कार्ड भी बनवाने के लिए शिविर का आयोजन विद्यालय में किया जाए मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार टूटी, हरिद्वार मेहता, सतीश मेहता, सुनील कुमार मानदेव विश्वकर्मा बृंदा प्रसाद कपिलदेव राम, सीआरसी श्रीकांत पांडे, फरेश गुप्ता अकाउंटेंट जयप्रकाश मेहता पटेल दुबे सहित सैकड़ों लोग बैठक में उपस्थित थे।

## सगमा प्रखण्ड के सभागार में एक दिवसीय रवि फसल का कार्यक्रम का हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** सगमा प्रखण्ड के सभागार में दिन गुरुवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड पदाधिकारी सत्यम कुमार, पूर्व जीप सदस्य नंदगोपल यादव, उप ब्लॉक प्रमुख अर्जुन पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, सगमा मुखिया तेजलाल राम, राजेंद्र यादव, बीटीएम प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रभारी कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम मे प्रखण्ड पदाधिकारी सत्यम कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा की किसान पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से उपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करे और पैदावार को बढ़ा कर देश की आर्थिक नींव को मजबूत करे। और रबी फसल की पैदावार अधिक हो इसकी जिम्मेवारी हम सबों के उपर निर्भर करती है। रबी फसल के लिए किसानों को दी जाने वाली जानकारी व लाभ किसानों के हाथ तक पहुंच रही है तो क्यों नहीं पुराने परंपरागत से ऊपर उठकर पैदावार करें। इस दौरान पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए नए नए तकनीक के विषय मे जानकारी दी जा रही है। इसे सुन समझकर किसान भाई इसका लाभ ले सकते हैं। इस दौरान जे के आर एम वाई योजना, आत्मा योजना, एन एफ एस एम योजना, कृषि विभाग बीज विनमय योजना सहित कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन बीटीएम प्रवीण कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी कृषि पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, कलावती देवी, उद्यान मित्र मनोज साह, बीपीओ प्रभास पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम सहित काफी संख्या में किसान व सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ाया

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर नवाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के नेतृत्व में तुकबेरा बिजली सब स्टेशन के पास से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर गुरुवार को थाना लाया गया है।वही पकड़े गए ट्रैक्टर को थाना प्रभारी दीपक कुमार के द्वारा कानूनी कार्रवाई के लिए मेदनीनगर खनिज विभाग को फाइन के लिए भेजा गया है। बताते चलें कि इन दिनों पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों के द्वारा बालू माफियाओं के ऊपर नकेल कसा गया है, जिसके वजह से पलामू में अवैध उत्खनन बिल्कुल ही बंद है।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट को लेकर एसोसिएशन ने की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में दिनांक बीस जनवरी से बाइस जनवरी 2023 तक किया जाना है। आयोजन समिति के समन्वयक सह जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखैर भगत की अगुवाई में आवश्यक कार्य प्रगति पर है। प्रतियोगिता जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग तथा सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग सहित 4 वर्गो में आयोजित की जाएगी। जिसमें 100, 200, 400, 800, 1000, 1500, 3000 मीटर रेस,15000 मीटर रोड रेस, 110 मीटर हडल रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद, डी थ्रो,जेवलिन, तीरंदाजी, 4म100 रिले रेस, 4म400 रिले रेस, 24000 मीटर साईकल रेस,5000 मीटर वॉकिंग रेस,शॉट पुट,ट्रिपल जम्प,राइफल शूटिंग,पिस्टल शूटिंग सहित अन्य खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जयेगा। आयोजनकर्ता खेल मैदान निर्माण,पंजी निर्माण,इंट्री फाइल निर्माण,चेस्ट नम्बर,प्रमाण पत्र निर्माण में लगे हुए हैं। आयोजन समिति के समन्वयक के सूखैर भगत ने बतलाया कि कोरोना के बाद यह आयोजन किया जा रहा है। 68वें झारखंड राज्य लोहरदगा ओपेन एथलेटिक मिट में विभिन्न जिलों से लगभाग सात सौ प्रतिभागी भाग लेंगे,जिसके लिए आवासन व्यवस्था सहित भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। किसी को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी आयोजन समिति के सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## अंचलाधिकारी ने सुखाड़ राहत व किसान सम्मान निधि योजना का किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसेवक,राजस्व कर्मचारी तथा कृषक मित्रों के साथ मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का समीक्षा बैठक आयोजन हुआ। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का समीक्षा करते हुए राजस्व कर्मचारी, जनसेवक, एटीम, बीटीएम और कृषक मित्र अपने आने क्षेत्र में किसानों का खेत मे जाकर किसानों से पूछ ताछ कर मोबाइल के माध्यम से फोटो,वीडियो ग्राफी कर सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत निर्देश दिया गया कि जिन किसानों ने प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से पंजीकृत कराया है। और वैसे किसानों का सूची सत्यापित नही हुआ है। तो प्रपत्र छ्ठ भरकर जमा करें तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वैसे लाभुक किसान जिनका केवाईसी और आधार लिंक नही हुआ है। तो बैंक से सम्पर्क कर किसानों केवाईसी और आधार लिंक कराने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य, राजस्व कर्मचारी विकास कुमार, सीताराम टाना भगत, रीना देवी, बिनेश्वर उराँव, रामा महतो, जनसेवक पूनम रश्मि कुजूर, मेहरानी टोप्पो के अलावे देवप्रसाद साहु, प्रकाश महतो, संगीता कुमारी, विश्वनाथ गोप, देवप्रताप यादव सहित सभी कृषक मित्र उपस्थित थे।

## डिस्टिक लेवल मल्टी स्टेक होल्डर मीटिंग का आयोजन 22 जनवरी को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 22 जनवरी रविवार को डिस्टिक लेवल मल्टी स्टेक होल्डर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा ।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के बेशम में 11:30 बजे मीटिंग का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, पोस्को के स्पेशल जज, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट जे जे बोर्ड, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, डीएसपी, डीएसडब्ल्यू, जिला परिवहन पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, महासचिव, सिविल सर्जन, सीडब्ल्यूसी के प्रेसिडेंट, डीसीपीओ, प्रोबेशन ऑफीसर आदि लोगों को पत्र भेजकर मीटिंग में आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस मीटिंग में प्रमुख रूप से पोस्को एक्ट, जे जे एक्ट ,राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रोजेक्ट वात्सल, प्रोजेक्ट सहयोग, प्रोजेक्ट शिशु बिषयों आदि पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि झालसा के कई सारे प्रोजेक्ट राज्य में चल रहे हैं। इन प्रोजेक्ट के कार्यान्वियन सही ढंग से हो इसके लिए सभी विभागों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जो भी दिक्कतें हो उसका समाधान हो सके।

## प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी ने खोल दी योजना का पोल, रख दी रियायती दर में बालू उपलब्ध कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रखंड कार्यालय कुडू के द्वारा अर्धनिर्मित आवास को लेकर नोटिस जारी किया गया। जिसमें समय से पूर्व आवास निर्माण करने के लिए प्रखंड कार्यालय कुडू द्वारा लाभार्थियों को कहा गया। प्रखंड कार्यालय को नोटिस के एवज में लाभार्थी द्वारा जो जबाव दिया गया, अपने जबाव में बालू की अनुपलब्धता आवास निर्माण के देरी के लिए प्रमुख कारण बताए। प्रखंड प्रशासन से रियायती दर पर बालू उपलब्ध कराने की मांग की गई है ताकी आवास निर्माण का कार्य ससमय पुरा किया जा सके। लाभार्थी द्वारा यह बताया गया कि इस संदर्भ में प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, उपायुक्त लोहरदगा से रियायती दर पर बालू उपलब्ध कराने की मांग की जायेगी। तथा योजना का इसटिमिट पुराना होने के कारण भी सभी सामान का रेट में बढ़ोतरी भी एक मुख्य कारण है जिससे घर पूरा होने से पहले हीं योजना का पैसा खत्म हो जाता है। अतः सरकार से भी आग्रह है की ससमय सभी योजनाएं लाभुकों के बीच वितरित किया जाए ताकि ऐसा समस्या उत्पन्न नहीं हो। और तो और लाभुक बिचौलियों से भी परेशान रहते हैं, काम पूरा करने तथा अगला स्टोलमेंट डलवाने के नाम पर भी लाभुकों से पैसा ऐठा जाता है, इन सभी कारणों से भी समय से घर पूरा नहीं हो पाता है और योजना सहित घर का भी पूंजी खत्म हो जाता है और आखिर में घर भी नही बनता है और उनके पास नोटिस भी आता है। ये तो वही बात हो गया ये घर नहीं घर के नाम पे काल है।

# अमित कुमार अग्रवाल बने गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** 19 जनवरी को गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर के शहर कार्यालय में प्रबंध समिति की बैठक हुई . डॉ0 नारायण चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें कॉलेज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ ए के वैद के साथ सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में दानदाता सदस्य के रूप में डॉ अमित कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे। प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से कॉलेज के नये सचिव के रूप में दानदाता सदस्य डॉ अमित कुमार अग्रवाल का चयन किया गया। सभी सदस्यों ने नव चयनित सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दिया। बैठक के कॉलेज के सभी गतिविधियों एवं उत्तरोत्तर विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। साथ ही शिक्षक प्रतिनिधि प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने नैक पर भी चर्चा किया। बैठक में प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ नारायण चंद अग्रवाल ने अपनी अस्वस्थता जाहिर करते हुए अध्यक्ष पद से मुक्त होने की बात कहीं तथा विचारोपरांत सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ राहुल अग्रवाल को प्रबंध समिति के नये अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया तथा उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# अरविंद कुमार लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्यो की समीक्षात्मक बैठक निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लोहरदगा-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल लोहरदगा के द्वारा की गई। इस बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं पंचायतों में कार्य कर रहे जनसेवक के साथ विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के क्रम में पाया गया कि लोहरदगा जिले में आवास की प्रगति संतोषजनक नहीं है। अभी भी 6000 से अधिक आवास अपूर्ण है। जिन पंचायतों में आवास पूर्णता का प्रतिशत बहुत कम है या बहुत अधिक संख्या में आवास पूर्ण किए जाने बाकी हैं, उन पंचायत के जनसेवकों को 15 फरवरी 2023 तक राज्य औसत से अधिक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सबसे अधिक आवास अपूर्ण रहने वाले पंचायत के जनसेवक डाडू, उगरा, उदरंगी, हिसरी, तिगरा, सिरम, हनहट, बेटहठ, भटखिजरी, मुरकीतोडार, सुन्दरू पंचायत के जन सेवकों को आवास निर्माण में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में यह निर्देश दिया गया कि सभी लाभुकों को पंचायत भवन में बैठक कर उन्हें आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जाए उन्हें ससमय आवास निर्माण हेतु सामग्री उपलब्ध कराने में सभी जन सेवक एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि भी सहयोग करें तभी आवास निर्माण का कार्य समय पूर्व किया जा सकेगा । लाभुकों को विभिन्न तरह से प्रेरित करने के बाद भी जो लाभुक जानबूझकर आवास को पूर्ण करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं उन पर तत्काल चेतावनी देने हेतु नोटिस निर्गत करने का निर्देश भी बैठक में लिया गया। बैठक में जिला समन्वयक, कृष्णा कुमार गुप्ता, प्रषिक्षण समन्वयक- विजेन्द्र कुमार, सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### उर्दू स्कूलों में परीक्षा 22 जनवरी को

**रांची :** प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। अब उर्दू स्कूलों में 20 जनवरी को होने वाली परीक्षा 22 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 20 जनवरी को शुक्रवार है। इस दिन उर्दू स्कूलों में अवकाश रहता है। झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि सिर्फ उर्दू स्कूलों में परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

### साहिबगंज में 21 जनवरी को पहुंचेगा गंगा विलास क्रूज

**रांची :** झारखंड के साहिबगंज में दुनिया का सबसे लंबा जलमार्ग तय करने वाला गंगा विलास क्रूज अब 21 जनवरी को पहुंचेगा। पहले गंगा विलास क्रूज के 23 जनवरी की शाम पहुंचना निर्धारित था। विदेशी सैलानियों को लेकर सबसे लंबी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज तय समय से पहले 21 जनवरी को साहिबगंज पहुंचेगा। वहीं, जिला प्रशासन ने विदेशी मेहमानों को गंगा विलास क्रूज के नीचे उतरने के लिए संचालक से परमिशन देने की अपील की है, जिससे विदेशी मेहमानों का जिला प्रशासन स्वागत कर सके। साथ ही गंगा तट पर विदेशी मेहमानों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर सके। इस संबंध में डीसी रामनिवास यादव ने कहा कि गंगा विलास क्रूज के तय समय से पहले 21 जनवरी तक आने की सूचना मिली है। अनुमति मिलते ही जिला प्रशासन मेहमानों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ घाट पर हाट लगाया जायेगा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। उल्लेखनीय है कि इस क्रूज के गत 13 जनवरी को वाराणसी से चलकर आगामी एक मार्च को डिब्रूगढ़ पहुंचना निर्धारित है। 51 दिनों के इस यात्रा में क्रूज 27 नदियों को पार कर डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

# झारखंड में 21 जनवरी तक छाया रहेगा कोहरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। इस बीच राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में ठंड भी बढ़ी है। रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। सुबह से अभी दोपहर तक चारों तरफ कोहरा छाए हुए है, जिससे ठंड में थोड़ा इजाफा हुआ है।

रांची मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे तक राजधानी समेत राज्यभर में मौसम सर्द रहेगा। इस दौरान कोहरा छाया रहेगा और हल्के बादल के छाने के भी आसार है, जो अगले 21 जनवरी तक छाए रहेंगे, जिसका असर राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक होगा। रांची में तापमान में गिरावट आयी है। राजधानी रांची में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी।



अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची में सुबह में भी लोग गाड़ी की हेडलाइट ऑन कर चलते नजर आये। रांची में धूप नजर नहीं आ रही।

पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, बोकारो और खूंटी जिले में सुबह से कोहरा नजर आ रहा है। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा और लातेहार जिले में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान पर असर पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसा ही रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि मौसम शुष्क रहेगा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा का रहा जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस गिरिडीह में दर्ज किया गया।

# विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त, योगा के छात्र-छात्राएं त्रस्त : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल, रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा से मिला और योगा विभाग के अत्यंत विलंब से चल रहे यूजी 2020ङ्क23 सेशन के शैक्षणिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि योग विभाग के यूजी सेशन 20 -23 के ढाई साल बीत जाने के बावजूद केवल 2 ही सेमेस्टर की परीक्षा हुई है। बाकी आने वाले 6 महीनों में विश्वविद्यालय को 4 सेमेस्टर की परीक्षा करानी है, इसे लेकर योगा विभाग के छात्र-छात्राओं में काफी रोष है।

विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त हैं और योग के छात्र छात्राएं त्रस्त हैं। सेशन नहीं कंप्लीट होने से छात्र छात्राओं को मनचाहे जगह फॉर्म भरने या एडमिशन लेने का मौका नहीं मिल पाता या एडमिशन लेने के लिए 1 साल का समय इंतजार में बर्बाद करना पड़ता है।



उन्होंने आगे कहा कि अगर सप्ताह भर के अंदर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फल एवं सेमेस्टर 03 की परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की गई तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) आंदोलन करने के को बाध्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों एवं योग विभाग के छात्र छात्राओं को आश्वस्त किया 02 दिन के अंदर परीक्षा फल प्रकाशित कर दिया जाएगा और 26 तारीख से पहले परीक्षा के फॉर्म भरवा कर परीक्षा तिथि घोषित कर दी जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राहुल तिवारी, सुरेश भगत रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, आयुष, सूरज, लव, विपुल, अमित, आर्यन, राजीव,प्रज्ञा, सुनिधि, शिवानी, कोमल, होली का,गीतांजलि के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## सत्संग का 34 वां दो दिवसीय महाअधिवेशन आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला संतमत समिति के द्वारा आज महर्षि मेंही आश्रम में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आगामी 21/ 22 जनवरी 2023 को रांची जिला संतमत समिति के तत्वधान में 34 वार्षिक अधिवेशन महर्षि मेंही आश्रम चुटिया में आयोजित की गई है।

इस वार्षिक अधिवेशन में भागलपुर कुप्पाघाट महर्षि मेंही आश्रम के पूज्य स्वामी प्रमोद जी महाराज, पूज्य स्वामी निर्मलानंद जी महाराज, पूज्य स्वामी विवेकानंद जी महाराज, पूज्य स्वामी परमानंद जी महाराज, एवं अन्य साधु महात्माओं का प्रवचन होगा।

21 तारीख को प्रताकालींन। स्तुति एवं ग्रंथ पाठ के साथ प्रारंभ होगा दूसरी पाली में संध्या 3ः00 बजे से भजन एवं महापुरुषों का प्रवचन संपन्न होगा।

इस देश बातों को संबोधित करते हुए पूज स्वामी निर्मल आनंद जी ने कहा कि संतमत सत्संग के द्वारा यह बताया जाता है कि मनुष्य जीवन की सार्थकता भौतिकता में ही नहीं अपितु आध्यात्मिकता को सफल बनाने से होता है हमारे लिए सभी संत पूजनीय हैं । हमें उन के आदेश परिवेश में रहकर आपसी प्रेम एवं सौहार्द को बनाए रख समाज देश एवं जगत के कल्याण के लिए सदा प्रयत्नशील रहना चाहिए।समिति के संरक्षक योगेंद्र प्रसाद पोद्दार में संत सद्गुरु महर्षि में ही परमहंस जी महाराज एवं महर्षि संत सेवी जी महाराज का संक्षिप्त परिचय कराया।

## चार एकड़ अफीम की खेती को पिठोरिया पुलिस ने किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पिठोरिया पुलिस अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिठोरिया थाना अंतर्गत राड़हा जंगल के कतरिया बेड़ा इलाके पर लगे लगभग 4 एकड़ अफीम की खेती को विनष्ट किया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि, पिठोरिया थाना अंतर्गत अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती की गई है। सूचना की पुष्टि के बाद एक टीम गठित कर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मौके पर पहुंचकर लगभग 4 एकड़ में लगे अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। वही अफीम तस्करों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।थाना प्रभारी अभय कुमार, सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, सब इंस्पेक्टर विनय राम, एएसआई श्याम नंद पासवान और सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। पर कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस लगातार अफीम की खेती को नष्ट कर रही हैं। गुरुवार को पिठोरिया पुलिस अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिठोरिया थाना अंतर्गत राड़हा जंगल के कतरिया बेड़ा इलाके पर लगे लगभग 4 एकड़ अफीम की खेती को विनष्ट किया।



## बॉलीवुड में सक्रिय रूप से काम कर रहे रांची के आकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के रहने वाले आकाश मित्तल पिछले 11 सालों से बॉलीवुड में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

ये अभिनेता/निर्देशक है। साथ ही प्रोडक्शन हाउस में रहते दो साल के कार्यकाल में तीन फिल्में बनायी है। हाल में ही आकाश ने संकल्प रेड्डी द्वारा निर्देशित एक्शन स्टार विद्युत जामवाल के साथ समानांतर कास्ट में फिल्म पूरी की है।

वर्तमान समय में आकाश के प्रोडक्शन हाउस ने अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ ऐस मेडिकेयर ऐप शूट कर चुका है। आकाश द्वारा निर्देशित यह विज्ञापन 19 जनवरी 2023 विभिन्न चैनलों पर प्रसारित किये जा रहे हैं। 28 साल के आकाश ने बताया कि मैंने अपने करियर की शुरुआत 2011 में सलमान खान की बॉडीगार्ड फिल्म से की थी।

मैं एक जूनियर कलाकार था, लेकिन मैंने फिल्म उद्योग के बारे में बहुत कुछ सीखा कि वे कैसे काम करते हैं और अभिनेता कैसे सीख सकते हैं।

स्वतंत्र अभिनेता के रूप में मैंने बिंदास चैनल के लिए रियल्टी शो किए हैं और कई प्रिंट शूट किए हैं। एक्टिंग के साथ स्ट्रगल करता गया। लेकिन कुछ बड़ा काम नहीं मिल रहा था। इसके बाद अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस खोला।

# रामगढ़ उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनाई टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग द्वारा रामगढ़ उपचुनाव की घोषणा की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा रामगढ़ उपचुनाव को पूरी गंभीरता से लेते हुए आदरणीय प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे जी के अनुमोदन के उपरांत रामगढ़ उपचुनाव के निमित्त रामगढ़ जिला स्तरीय चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई है जो निम्नवत हैः- जलेश्वर महतो, प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष,शहजादा अनवर, कार्यकारी अध्यक्ष,संजय लाल पासवान, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, तनवीर आलम, प्रभारी महासचिव, रामगढ़ जिला, मुन्ना पासवान, अध्यक्ष, रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी,पंकज तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष, रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी, अम्बा प्रसाद, विधायक, बलजीत सिंह बेदी, महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमिटी, सी. पी. सन्तन, सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमिटी, शान्तनु मिश्रा, सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमिटी, धर्मराज राम, सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमिटी,कमाल शहजादा, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमिटी, प्रीति दिवान, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमिटी, अनु विश्वकर्मा, बिरेन्द्र नारायण सिंह, मुकेश यादव, जाकीर अख्तर, चितरंजन चैधरी, बजरंग महतो, जकाउल्लाह, राजु महतो, राज कुमार यादव, दिनेश मुण्डा, राजेन्द्र चैधरी, रवीन्द्र साहु, जे पी सिंह, सुधीर सिंह, खगेन्द्र साव, रूपेन्द्र महतो,अग्रणी संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष/चेयरमैन समिति के पदेन सदस्य होंगे। समिति के सभी सदस्यों को निर्देश दिया गया है कि वे पूरी शक्ति एवं निष्ठा के साथ रामगढ़ उपचुनाव की तैयारी के कार्य में अपनी जिम्मेवारी का निर्वह्न करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे।

# जमीन विवाद में हत्या के आरोप तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनगड़ा थाना इलाके में 18 जनवरी को जमीन हड़पने की नियत से वरजू राम यादव की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मृतक के बेटी ने अनगड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए इस घटना में शामिल तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सुसैन यादव, मधुसूदन अहीर और धर्मेंद्र यादव है। गिरफ्तार तीनों आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया और पुलिस को बताया कि जमीन हड़पने की नीयत से वरजू राम की हत्या कर दी गई थी। आपको बता दें कि वरजू राम जब अपने घर जा रहा था तब जोन्हा बाजार के नजदीक उसके चचेरे भाई ने संपत्ति के लालच में हत्या कर दी थी। पुलिस ने खून लगा हुआ डंडा बरामद किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी को आज जेल भेज दिया गया।



# मिसिर दस्ते के नक्सली कुलदीप गंझू से एनआईए कर रही पूछताछ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा दस्ते के नक्सली कुलदीप गंझू से पूछताछ कर रही है। रांची की एनआईए ब्रांच ने कुलदीप को तीन दिनों की रिमांड पर लिया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एनआईए पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा में पिछले साल चार जनवरी को पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमले की जांच कर रही है। कुलदीप गंझू रांची के बुढ़मू स्थित कनाड़ी गांव का रहने वाला है। उसने 22 दिसंबर, 2022 को चाईबासा में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया था। कुलदीप के पास कोल्हान-पोड़ाहाट के जंगलों की पूरी जानकारी है। वह लंबे समय तक झारखंड-ओडिशा के सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रहकर कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अधिवेशन और चुनाव 21 को

**रांची :** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का रांची जिन अधिवेशन और सांगठनिक चुनाव 21 जनवरी को अमर शहीद विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल में होगा। मुख्य अतिथि रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा होंगे। वहीं विधायक विकास सिंह मुंडा और झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य मुख्य वक्ता होंगे। आरडीडीई पुष्पा कुजूर, डीईओ आकाश कुमार सम्मानित अतिथि होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक यशवंत विजय, प्रेम साहू, मंजुला एक्का, आशीष खाखा सहित अन्य शिक्षक संपर्क अभियान चला रहे हैं।

# बीमारियों की कार्य योजना बनाकर ससमय लक्ष्य को प्राप्त करना है : डा. अनिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अंतर्गत वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु एंटोमोलॉजी एवं वेक्टर कंट्रोल से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन डॉ अनिल कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, भीबीडी की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में सभी जिला भीबीडी सलाहकार, जिला मलेरिया निरीक्षक तथा किट संग्रहकर्ता ने भाग लिया।

डॉ अनिल कुमार नें प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू तथा चिकुनगुनिया आती है। इन 6 बीमारियों की कार्य योजना बनाकर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। लक्ष्य को प्राप्त नहीं करने वाले जिलों पर प्रशासनिक तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्यों की ऐसी गति बनानी है जिससे मलेरिया सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ना रहे। उन्होंने कालाजार मामलों के शीघ्र पहचान, उपचार करने तथा लोगों को इस संबंध में जागरूकता लाने का निर्देश दिया। जापानी इंसेफेलाइटिस हेतु मेडिकल नर्सिंग स्टाफ के प्रशिक्षण के माध्यम से त्वरित निदान तथा शीघ्र मामलों के प्रबंधन को मजबूत करना है।वेक्टर नियंत्रण हेतु फागिंग, पशुओं के आवास में छिड़काव एवं लारवा रोधी ऑपरेशन जांच संभव हो करना सुनिश्चित करेंगे। डेंगू तथा चिकुनगुनिया के रोकथाम हेतु रोग की निगरानी त्वरित निदान मामले का प्रबंधन तथा लोगों में जागरूकता पर बल देना है।डॉ अनिल कुमार नें प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमडीए के दौरान 10 फरवरी से 25 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक अपने जिलों में लक्षित जन समुदाय को अवश्य खिलायी जाए। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटोमोलॉजिकल पैरामीटर, जूनोटिक डिजीज, ऑपरेशनल गाइडलाइंस, मॉस्किटो मोरफ़ोलॉजी, लारवा डेमोंसट्रेशन के बारे में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।इस अवसर पर राज्य स्तर से सभी सलाहकार, कर्मी एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उपायुक्त राहुल कुमार ने की बैंकर्स समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**केसीसी की समीक्षा, नये आवेदन जेनरेट करने का निदेश**

बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की समीक्षा की गयी। किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त कुल 62675 आवेदन में से 40986 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। उपायुक्त द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के नए आवेदन जेनरेट करने निर्देश भी दिया गया।



**अस्वीकृत आवेदनों की रिपोर्ट दें: उपायुक्त:** उपायुक्त ने बैठक में सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के अस्वीकृत और बैंकों द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी लौटाये गये आवेदनों की पूरी रिपोर्ट दें। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनां से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने बैंकों के पदाधिकारियों से कहा कि बैठक में पूरी तैयारी और रिपोर्ट के साथ आयें। उपायुक्त द्वारा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने उपस्थित बैंकर्स को सभी मामलों में अपनी भूमिका अच्छे से निभाते हुए लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा।

# ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ पंकज मिश्रा की कंप्लेंट केस पर अगली सुनवाई 25 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोपित पंकज मिश्रा की ओर से ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ दायर कंप्लेंट केस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के अधिवक्ता मनोज मिश्रा ने अदालत में बहस करते हुए कहा कि एजेंसी के अधिकारियों ने तथ्य छुपाए हैं। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस में पंकज मिश्रा की याचिका की मेंटीबिलटी पर सवाल उठाया। मामले में अगली सुनवाई की तिथि अदालत ने 25 जनवरी निर्धारित की है।

गौरतलब है कि गत तीन दिसम्बर को पंकज मिश्रा ने ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ कोर्ट में कंप्लेंट केस की थी। कोर्ट को दिए गए आवेदन में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया गया था। आवेदन में कहा गया है कि ईडी ने जिस मामले को आधार बनाकर मनी लॉन्ड्रिंग का केस किया है, वह बरहड़वा थाना कांड संख्या 85/20 है, जिसमें पुलिस ने मुकदमा को खत्म कर दिया था लेकिन ईडी ने तथ्य छुपाकर पीसी दाखिल की है। इस मामले में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम निर्दोष पाये गये थे। न्यायालय ने भी पंकज मिश्रा के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया था लेकिन ईडी के डिप्टी डायरेक्टर ने ईडी कोर्ट से यह जानकारी छुपाई है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शुक्रवार, 20 जनवरी 2023 | पेज 4


## त्रिपुरा सीएम का किया गया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा की अगुवाई में आज गुरुवार को खूंटी जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा की अगुवाई में त्रिपुरा सीएम मानिक शाह का नेताजी चौक में पुतला दहन किया गया यहां बता दें कि त्रिपुरा में बीजेपी सरकार द्वारा कांग्रेस की रैली में डॉ अजय कुमार के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर बीजेपी के द्वारा हमला के विरोध में खूंटी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है ।इस अवसर पर खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा प्रदेश सचिव पूजा कुमारी जिला उपाध्यक्ष शिब्लू खान विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान प्रखंड अध्यक्ष नौशाद खान खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल महानगर अध्यक्ष गुलाटी मिश्रा आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** थाना अन्तर्गत रांची पुरुलिया मार्ग पर रामडेरा के समीप लार्सन टुब्रो कंपनी द्वारा गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया !एवं बिना हेलमेट पहने बाइकर्स को माला पहनाकर स्वागत किया गया! साथ ही हिदायत दिया गया की घर से बाइक लेकर निकले तो हेलमेट जरुर पहने! साथ ही बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर हर तरह की बरती जाने वाली सावधानीयों के बारे मे जानकारी दिया! वाहन चालकों को शराब पिकर वाहन नहीं चलाने की अपिल की! इस अभियान मे सिल्ली थाना के एस आइ अनुप टोप्पनो अपने दल बल के साथ मौजूद थे!

## यौन शोषण के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को मांडर थाना की पुलिस ने यौन शोषण मामले के आरोपी मांडर थाना क्षेत्र कंभिठा निवासी 28 वर्षीय लिटरो उरांव पिता कोलिया उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विनय कुमार यादव ने बताया कि कंभिठा निवासी एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए लिटरो उरांव के विरूद्ध नामजद शिकायत दर्ज कराया था। शिकायत के आलोक में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वहीं दूसरे आरोपी लोहरदगा जुरिया निवासी राजेश कुजूर पिता संजीत कुजूर को मांडर थाना क्षेत्र के युवती ने शादी के झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले को लेकर मांडर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसे मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय परिसर में गुरुवार को गणतंत्र दिवस के तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के तैयारियों की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सर्वसम्मति से प्रखंड मुख्यालय में झंडोत्तोलन के समय का निर्धारण साढ़े आठ बजे प्रातः किया गया। उसके बाद इलाके के अन्य सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन किया जायेगा?। नये समय सारणी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली थाना, मुरी ओपी थाना, जीआरपी, आरपीएफ एवं कस्तूरबा गांधी खादी ग्रामोद्योग बड़ा मुरी में झंडोतोलन किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख जितेंद बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, सीडीपीओ आभा चौधरी, पुलिस पदाधिकारी समेत प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## गोला में आदिवासी सेंगल अभियान ने मारंग बुरु बचाओ भारत यात्रा पर किया प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के डाक बंगला में गुरुवार को आदिवासी सेंगर अभियान के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद सह आदिवासी सेंगल अभियान के राष्टीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू उपस्थित हुए। सालखन मुर्मू ने कहा झारखंड के गिरिडीह जिला में अवस्थित पारसनाथ पहाड़ अर्थात 'मारंग बुरू' आदिवासियों का ईश्वर है। जिसे जैन धर्मावलंबियों ने हड़प लिया है। और झारखंड सरकार ने अपने 5.1. 2023 के भारत सरकार को प्रेषित पत्र द्वारा मारंग बुरू जैनों को सौंपने का काम किया है। दुनिया भर के आदिवासियों के साथ धोखा किया है। यह आदिवासियों के लिए अयोध्या के राम मंदिर से कम महत्वपूर्ण नहीं है। मारंग बुरू की रक्षा आदिवासी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी की रक्षा है। अतएव आदिवासी सेंगेल अभियान ने फैसला कि है कि 17 जनवरी 2023 को जमशेदपुर से ÷मारंग बुरू बचाओ भारत यात्रा शुरू किया है। जिसका नेतृत्व सेंगेल के राष्टीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू कर रहे हैं। जो देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी बहुल जिलों में जनसभा कर रहे हैं, जनता को जागरूक करेंगे। फिलहाल यह फरवरी 2023 के अंत तक चलेगा। 18 को रांची 19 को रामगढ़, 20 को हज़ारीबाग़, 21 को जामताड़ा, 22 को दुमका, 23 जनवरी को गोड्डा ज़िलों का यात्रा किया जायेगा। उसके बाद 25.1.23 को पुरूलिया, 26.1.23 को बांकुड़ा और 31.1.23 को चाईबासा सभाओं का आयोजन होगा। भारत यात्रा के दौरान 2023 में हर हाल में सरना धर्म कोड की मान्यता, कुर एसटी का मामला, झारखंड में प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करना, देश के सभी पहाड़ पर्वतों आदिवासियों को सौंपने का मामला आदि मुद्दों पर प्रकाश डाला जाएगा। 14.1.2023 को महामहिम राष्टप द्रौपदी मुर्मू को पत्र प्रेषित कर इन विषयों की जानकारी प्रदान कर दी गई है। करनडीह, जमशेदपुर में ऑल इंडिया संताली एजुकेशन काउंसिल के प्रांगण में सेंगेल के सप्ताहि सरना प्रार्थना सभा में 15.1.23 को भारत यात्रा की घोषणा की गई। प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी तिलका मुर्मू जन्म जयंती पर 11 फरवरी 2023 को रांची मोरहाबादी मैदान में मारंग बुरु- सरना महाधरना का आयोज अंतरराष्टीय स्तर पर किया जाएगा और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2023 को राष्ट आदिवासी एकता महासभा का आयोजन भी मोरहाबादी मैदान, रांची में किया जाएगा। सेंगेल के पूर्व निर्धारि कार्यक्रम के अनुसार 17 जनवरी 2023 को 5 प्रदेशों के 50 जिले मुख्यालय में मरांग बुरु बचाओ के लि धरना प्रदर्शन होगा और राष्टपति को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। उसी प्रकार 30 जनवरी 2023 को 5 प्रदेश के 50 जिले मुख्यालय में सरना धर्म कोड की मान्यता और अन्य आदिवासी मामलों के लिए मशाल जुल निकाला जाएगा। दिशोम गुरु और ईसाई गुरु के खिलाफ भी आवाज बुलंद किया जाएगा। क्योंकि दोनों और उन अंधभक्त आदिवासियों के हासा, भाषा, जाति, धर्म, रोजगार आदि को बचाने में बेकार साबित हुए हैं। मा बुरु और लुगू बुरु को भी बेचने का काम इन्होंने किया है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। आगे उन्होंने कहा राष्टीय अल्पसंख्यक आयोग के अनुसार केंद्र और झारखंड सरकार के फैसलों के अनुरूप जैन स्थल सम्मेद शिखर तीर्थ स्थल ही रहेगा, पर्यटन केंद्र नहीं बनेगा।

## बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं कैनारा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक एवं उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम उद्घाटन किया। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने तथा स्वरोजगार से जुड़न की सुझाव दिया। इस मौके पर रूडसेट संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, दशरथ महतो, महेश रोहीदास एवं प्रशिक्षक अशोक कुमार उपस्थित थे।

## 21 वर्षीय विधवा फुलमनी को बीडीओ द्वारा दी गई तत्काल विधवा पेंशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** अधिकारी भी मसीहा होते हैं यह बात बृहस्पतिवार को बेड़ो प्रखंड में तब सच होती नजर आई जब प्रखंड परिसर में एक 21 वर्षीय युवती को विधवा पेंशन हेतु परेशान दिखाई दी। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार द्वारा यह देख पूछे जाने पर युवती द्वारा बताया गया कि मेरा नाम फुलमनी उरांव गांव हरिहरपुर जामटोली का निवासी हूॅ। एक सड़क हादसे में पति के देहांत के बाद 2 वर्षीय बच्चे और सांस के



साथ बेहद परेशानी में जिंदगी गुजार रही है। यह सुनते ही बीडीओ ने तत्काल विधवा युवती का पूरी प्रक्रिया कर विधवा पेंशन स्वीकृत किया एवं स्वीकृति पत्र तत्काल दी। मौके पर उन्होंने ने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिया जाना हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य भी है। स्वीकृति पत्र पाकर पति के देहांत के बाद विधवा युवती के चेहरे पर सुकून के आसार नजर आए। मौके पर बीएओ कलिंदर साहू व पूर्व प्रखंड प्रमुख महतो भगत उपस्थित थे।

## आरकेएमयू के एरिया सचिव रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के विरोध में शोक सभा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके एरिया डकरा वीआईपी कलब में आरकेएमयू के रजरप्पा एरिया के एरिया सचिव रमेश विश्वकर्मा का निर्मम हत्या के विरोध में शोक सभा का आयोजन किया गया. शोक सभा मे रमेश विश्वकर्मा हत्यारों को जल्द से जल्द प्रशासन के द्वारा पकड़ कर के सजा दिलाने के लिए जोर दिया गया.इस दौरान उन्हीं का आत्मा को शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया है. शोक सभा कर्यक्रम में जेसीएसी सदस्य लल्लन प्रसाद सिंह व एनके एरिया के हर एक परियोजना से सचिव अध्यक्ष और कामगार उपस्थित थे. एरिया सचिव सुनील सिंह, टीला महतो, दीप नारायण महतो ,राघव चौबे ,धीरज सिंह ,राजेश तिवारी इंदल कुमार ,अर्जुन महतो, प्रदीप जी, देव पाल मुंडा , सुरेंद्र चौहान महेंद्र यादव , भीम प्रसाद मेहता ,केके चतुर्वेदी, विनोद कुमार ,लखन साहू, श्याम नारायण चौधरी ,मनिंदर सिंह, तेरेसा तिग्गा ज्योति कुमारी सिंह, लाल बहादुर सिंह, जगन्नाथ गंजू ,धनंजय चौहान ,साहेब लाल सतनामी, मोहन गंजू, जोगिंदर गंजू, विनोद गंजू, विजय गंजू सहित अन्य शामिल थे.

## सखी मंडल की दीदियों को कार्यक्रम ट्रेड के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खूंटी :** जेएसएलपीएस द्वारा चलाए जा रहे दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत तिरला संकुल स्तरीय महिला संघ की सखी मंडल की दीदियों को DDUGKY में चलाए जा रहे कार्यक्रम ट्रेड के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन ग्रामीण युवक जो 18 साल से 35 साल के हैं, उन्हें अलग-अलग प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ा जा सकता है। साथ ही योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक राज्य कार्यालय जेएसएलपीएस से आए पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया। इस दौरान बताया गया कि DDU-GKY लोगों को कुशल-ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करके रोज़गार दिलाने में मदद करता है जो लोगों को बेहतर रोज़गार और कैरियर के विकास के दायरे को बढ़ाने में मदद करते हैं। लोगों द्वारा सीखे गए कुशल ट्रैनिंग प्रोगाम न केवल रोज़गार हासिल करने के लिए हैं, बल्कि यह बिज़नेस के अवसरों को भी अधिक बनाते हैं। प्रशिक्षित



लोग अपने कौशल को देखते हुए एक स्टार्ट-अप बिज़नस शुरू कर सकते हैं। DDU-GKY ग्रामीण युवाओं और उनके परिवारों के लिए सकारात्मक बदलाव तय करने के लिए कौशल पार्टनर, संगठन, शिक्षण संस्थान और प्राइवेट और पब्लिक संगठनों के साथ काम करता है। बेसिक कंप्यूटर ट्रैनिंग, स्पॉकन इंग्लिश और रेज़िडेंट और नॉन- रेज़िडेंट कैंपस में सॉफ्ट स्किल्स पर्याप्त प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए काम करता है।

## जिला परिषद ने वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज के हेसालोंग शिव मंदिर प्रांगण में खलारी पाश्चमी जिला परिषद सरस्वती देवी ने वृद्ध असहाय लोगो को ठंड से राहत देने के लिए कंबल का वितरण कोय गया. इस दौरान जिला परिषद ने हेसालोंग ग्राम के ग्रमीणों के सुख दुख में हमेशा खड़े होने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुलदीप साहू ,सोनू साहू ,विकाश शाह राजेंद्र रजक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## तीन दिवसीय बारह बांसिंग ठाकुर मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** झालदा ब्लॉक के तुलिन चप्पद गांव मे तीन दिवसीय बारह बांसिंग ठाकुर मेला का आयोजन किया गया! पहला दिन वहां पर स्थित देवी देवताओं की पुजा अर्चना किया गया !एवं मंगलवार को दूसरा दिन मैराथन दौड़ 5



किलोमीटर बनसा हाई स्कूल से चप्पद मेला तकसाथ ही क्रिकेट, फुटबॉल प्रतियोगिता महिला लोगों के लिए 100 मीटर दौड़ सुई धागा जिलेबी दौड़ म्यूजिकल चेयर पुरुषों के लिए 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 16 मीटर दौड़ स्लो साइकिल मोटरसाइकिल रेस एवं शाम के 5ः00 बजे से बगांल के बेहद नामी कलाकारों का पांता नाच का आयोजन किया गया! इस मेले को देखने काफी दुर दुर से लोग आते है! आज छौ नृत्य के साथ मेले का समापन किया जायेगा।


**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Culture**
**(Dept. of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs)**
**MDI Building, 3rd Floor, Dhurwa, Ranchi-4**

Ph.-0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

**VERY SHORT TENDER RELATED TO REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) REGARDING SELECTION OF EVENT MANAGEMENT AGENCY FOR WORKS RELATED TO DIRECTORATE OF CULTURE, JHARKHAND IN PROPOSED G20 SUMMIT MEETINGS TO BE HELD AT RANCHI, JHARKHAND IN MARCH 2023.**

Directorate of Culture (Dept. of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs), Govt. of Jharkhand, Ranchi intends to issue this Request for Proposal (RFP) regarding selection of Event Management Agency for works related to Directorate of Culture, Jharkhand in Proposed G20 Summit Meetings to be held at Ranchi, Jharkhand in march 2023 .

Proposals are invited from reputed and experienced agency. RFP document can be downloaded from the website http://jharkhandculture.com & jharkhand.gov.in/ .

Proposals completed in all respect, shall be submitted at the address mentioned in RFP on or before 11.30 hrs. of 27.01.2023.

Corrigendum, Addendum if any shall be uploaded in the above stated website only and shall not be published in the newspapers.

Directorate of Culture reserves the right to reject any or all proposals and annul this process at any time without assigning any reason whatsoever.

**Director Culture**
Directorate of Culture,
Jharkhand. Ranchi

PR 287888 Art Culture Sports and Youth Affairs(22-23)D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**

(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए खेल–कूद से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति की जानी है। आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 28.01.2023 के पूर्वाहन 11.30 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.01.2023 के अपराहन 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | ब्रांड | दर / प्रति पीस |
|---|---|---|---|
| 1 | Football | Nivea Classic अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 2 | Badminton Net | Best Quality | |
| 3 | Badminton Racket | J.J. Yonex अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 4 | Volleyball | Nivea Classic अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 5 | Volleyball Net | Best Quality | |
| 6 | Badminton Cork | J.J. Yonex अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 7 | Tennis Ball Cricket Bat | Best Quality | |
| 8. | Tennis Ball for Cricket | Best Quality | |
| 9. | Cricket Wicket Set | Best Quality | |
| 10. | Hockey Stick | Alfa अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 11. | Hockey Ball | Alfa अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 12. | Hockey Goalkeeper Set | Alfa अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 13. | Hockey Leg Guards | Alfa अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 14. | Hockey Shin Guards | Alfa अथवा समकक्ष गुणवत्ता वाला | |
| 15. | Jersey Set – 32 Size | Best Quality | |
| 16. | Jersey Set – 34 Size | Best Quality | |
| 17. | Chess | Best Quality | |
| 18. | Ludo | Best Quality | |
| 19. | Carom Board (Medium Size) | Best Quality | |

नोटः–निविदा की शर्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 287937 Welfare(22-23)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

भर्ती कैम्प, दिनांक – 21.01.2023

सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 21.01.2023 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक JOBS FOR YOU के अधिन रिक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S. No | Name of the Establishment | Name of Vacancies | Vacancies | Qualification | Experience | Age | Pay/Salary | Location | Duty Hr | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JOBS FOR YOU | 108 Call Centre | 12 | 12th / Graduation | No | 18 to 35 | 12500 CTC | Ranchi | 8hr | Good Communication |
| | | 108 Driver | 09 | 9 & 8th Pass | Yes / Male | 18 to 35 | 14000 CTC + Lodging | All Jharkhand | 12hr | Must have Driving license |
| | | Security Guard | 35 | 10th Pass | No | 18 to 35 | 9000 CTC to 18000 CTC + Lodging | All Jharkhand | 8hr | Height min 5.5"/weight |
| | | Helper | 15 | Min 8th Pass | No | 18 to 35 | 11500 CTC + Lodging | Kharagpur | 8hr | - |
| | | Mobelizor | 05 | 10th Pass | Yes | 18 to 35 | 18000 CTC | Hazaribag | 8hr | Must have field Knowledge |
| | | Housekeeping | 05 | 10th Pass | No / M / F | 18 to 35 | 10000 CTC | All Jharkhand | 8hr | |
| | | Security Supervisor | 03 | Graduation | Yes | 25 to 35 | 18000 CTC + Lodging | Gharwa | 8hr | Must have Security guard |
| | | Engineering/ Parma | 500 | Min 10th Pass | Free Courses all Over | 15 to 30 | No Salary | All Over India | - | Only for Students |
| | | ITI Course With Job | 120 | Min 10th Pass | No | 18 to 35 | 14500/- Stipend | Faridabad | 12hr | ITI Certificate free |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand .gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो /SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय,हजारीबाग

PR 287932 Labour Employment and Traning(22-23).D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# नमामि गंगे परियोजना के रिवर सिटी अलायेंस में शामिल हुई खरकई व स्वर्णरेखा नदी

## - गंगा के तर्ज पर होगा स्वर्णरेखा-खरकई का विकास : बन्ना गुप्ता

➲ नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मानगो नगर निगम का भी चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण के दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है, अब गंगा के तर्ज पर स्वर्णरेखा और खरकई नदी का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि नमामि गंगा परियोजना के रिवर सिटी अलायंस योजना के अंतर्गत स्वर्णरेखा और खरकई नदी को भी शामिल किया जाए जिसे स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार ने जमशेदपुर शहर को भी इस योजना में शामिल किया है जिसमें गंगा के तर्ज पर स्वर्णरेखा और खरकई नदी को भी शामिल कर इनके जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा। बता दें कि नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मानगो नगर निगम का भी चयन किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग रांची में इस संदर्भ में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में जमशेदपुर, चास ,धनबाद, मेदनीनगर, जुगसलाई मानगो सहित कई नगर निकाय के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें कुल झारखंड के कुल 10 शहरों का चयन किया गया है जहां नदी आदि प्रमुख रूप से प्रवाहित होते हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है, उन्होंने बताया कि नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के संयुक्त रूप से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मानगो नगर निगम अंतर्गत प्रवाहित होने वाले स्वर्णरेखा नदी के जल का संरक्षण,नदी को साफ सुथरा आदि करने संबंधी कार्यो को प्रमुखता से किए जाएंगे। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत नगर विकास विभाग झारखंड रांची में इससे संबंधित टेक्निकल सजेशन, हैंडहोल्डिंग सपोर्ट आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रोजेक्ट के तहत नगर निकाय क्षेत्र में कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद अब स्वर्णरेखा और खरकई नदी के जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है जिससे मंत्री बन्ना गुप्ता के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण कार्य में तेजी आएगी और नदी संरक्षण का उनका संकल्प पूरा होगा।

# गोपाल मैदान में पुनः ढोल, मांदर, धमसा की आवाज गूंजेगी कल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड वासी एकता मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने जानकारी दी कि शनिवार, 21 जनवरी को दो वर्षों के अंतराल के बाद बिष्टुपुर गोपाल मैदान में पुनः ढोल, मांदर, धमसा की आवाज गूंजेगी. इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है और उम्मीद से अधिक लोगों के जुटान होने की उम्मीद है. वे आज सोनारी स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है. आयोजन स्थल में पंडाल का निर्माण जारी है. उक्त मेला में राजनीति व समाज के कई गण्यमान्य लोग शिरकत करेंगे. इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्व. सुनील महतो, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुधीर महतो के साथ मिलकर की गई थी, जिसे आज भी कायम रखा गया है. टुसु मेला में आकर्षक प्रतिमा, चौड़ल लेकर आनेवालों के लिये आकर्षक ईनाम राशि तय किये गये हैं. साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच तथा व्यक्तिगत साज-सज्जा करने में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले को पुरस्कृत किया जाएगा. संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा चुनका मार्डी, सुकांत बारी, सुखदेव महतो, बबलू महतो, उमानाथ झा, जुगल किशोर मुखी, अशोक सिंह, गोपाल महतो आदि मौजूद थे.

**मेला में मिनी भारत का दिखेगा नजारा : आस्तिक**

आस्तिक महतो ने बताया कि 21 को होनेवाले विशाल टुसु मेला में मिनी भारत का नजारा दिखेगा. यहां झारखंड के कई जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल तथा ओड़िसा के भी टुसुप्रेमी जुटते हैं. यह मेला अपनी संस्कृति, परंपरा को बचाये रखने का एक माध्यम है, जिसमें सभी जाति व धर्म के लोग शामिल होते हैं.

**स्व. साधु की धर्मपत्नी बनीं सह संयोजक :** ईचागढ़ के पूर्व विधायक सह मंच के संयोजक रहे स्व. साधुचरण महतो के पद पर उनकी धर्मपत्नी सारथी महतो (पूर्व जिला पार्षद, सरायकेला) को स्थान दिया गया है. इसके अलावा सह संयोजक के रुप में फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो तथा बबलू महतो को भी जोड़ा गया है.

**विजेताओं को मिलेगा आकर्षक ईनाम, अन्य को सांत्वना पुरस्कार:** आयोजकों ने बताया कि टुसु, चौड़ल और बुढ़ी गाड़ी नाच में अव्वल आनेवालों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे. टुसु के प्रथम विजेता को 31 हजार, द्वितीय-25 हजार, तृतीय-20 हजार, चतुर्थ-15 हजार, पंचम-11 हजार, षष्टम-7 हजार व सप्तम विजेता को 5 हजार नगद राशि दी जाएगी. इसी तरह चौड़ल में प्रथम- 25 हजार, द्वितीय-20 हजार, तृतीय-15 हजार व चतुर्थ विजेता को 11 हजार की राशि मिलेगी. बुढ़ी गाड़ी नाच में प्रथम-15 हजार, द्वितीय-11 हजार, तृतीय-7 हजार व चतुर्थ विजेता को 5 हजार नगद राशि मिलेगी. इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रुप में निश्चित राशि दी जाएगी.

## जय माता दी के जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था अतिउत्तम शक्ति परिवार द्वारा हर साल की तरह इस साल भी माघ शुक्ला पक्ष के अवसर पर बागबेड़ा बड़ौदा घाट नदी पर पूजा अर्चना कर जगत पुत्री राजे राजेश्वरी राज कुमारी माँ अतिउत्तेमश्वरी का रथ कलश यात्रा निकाली गयी जो हरहरगुटू स्थित अतिउत्तम शक्ति दरबार (जय माता दी आवास) पहुँचकर संपन्न हुई।



सुबह सात बजे से पूजा शुरू हुई। संस्था के संस्थापक भक्त पुजारी राजा सुर्य देव उत्तम परम हंस द्वारा अतिउत्तम शक्ति दरबार में विधिवत रूप से रूद्राभिषेक पूजा अर्चना कर विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गयी। कोरोना के कारण दो साल बाद निकली लगभग 11 किलोमीटर की कलश यात्रा में पीले वस्त्र पहनी सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं जय माता दी के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। आज के इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कुल्लू, दिव्यांशी, कौशल्या माता रानी, निर्मला देवी, संयुक्त देवी नोमो, संन्या, सुर्यन्शी, सुवर्ना सुर्यदेव, राधा दादी, आरती पुजा, प्रिया, किशन, उर्मिला देवी, ईश्वरी, पंकज, शशि, मनोज, गौतम, रूस्तम कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**21 से 13 दिवसीय नवरात्र :** संस्था के संस्थापक भक्त राजा सुर्य देव उत्तम परम हंस ने बताया कि आमवास्या के अवसर पर 21 जनवरी शनिवार से अतिउत्तम शक्ति परिवार द्वारा माता के दरबार में जगत पुत्री राजे राजेश्वरी राज कुमारी माँ अतिउत्तमेश्वरी (कुल्लु नवरात्रि) का 13 दिवसीय नवरात्र का शुभारंभ होगा, जो 02 फरवरी गुरूवार को हवन के साथ संपन्न होगा।

## कांग्रेस ने ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश अनुसार पोटका विधानसभा अंतर्गत जादूगोड़ा रंकिणी मंदिर और कलिकापुर पंचायत में जरूरतमंदों के बीच 275 कंबल का वितरण किया गया। भारतीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अजय मंडल एवं टिक्की मुखी ने संयुक्त रूप से कंबल बांटे। मौके पर अजय मंडल ने कहा कि ठंड अगर बढ़ेगी तो जरूरतमंदों के बीच आगे भी कंबल का वितरण जारी रहेगा। इस अवसर पर कल्लू प्रसाद, शशि कुमार, पल्लवी कुमारी, शहजादा खान आदि उपस्थित थे।



## सरायकेला व सीनी समेत कई इलाकों में आज सुबह 10 से 4 नही रहेगी बिजली

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 33 केवी लाइन उलीझारी से सरायकेला पावर सब स्टेशन एवं 33/11 केवी शक्ति उपकेंद्र सरायकेला में शुक्रवार 20 जनवरी को विशेष मरम्मती कार्य किया जाना है. जिसके कारण पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक सरायकेला, सीनी, कोलाबिरा, उकरी, तीतिर्बिला सहित सरायकेला शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इसकी जानकारी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सरायकेला के सहायक विद्युत अभियंता संदीप कुमार पासवान ने दी है.

## जेपीएसस का प्रखंड कमेटी गठित, सुदीप बने अध्यक्ष

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को राजनगर बी आर सी में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की बैठक संघ के जिला अध्यक्ष कौशिक गांगुली की अध्यक्षता में की गई। मौके पर प्रखंड राजनगर इकाई का चुनाव ,निर्वाची पदाधिकारी जिला सचिव मंगल सिंह बेसरा एवं पर्यवेक्षक संतोष कुमार महतो की देखरेख में संपन्न हुआ। सुदीप मुखर्जी अध्यक्ष, मरियम नाग सचिव, विकास मुंडा उपाध्यक्ष, संगठन सचिव अविनाश मिश्रा, दीपक सिंहदेव कोषाध्यक्ष, पूनम बरवा प्रवक्ता और पार्थो राउत को आई टी सेल चुना गया। जिला प्रतिनिधि के रूप में पूर्ण चंद्र महतो एवं नानी गोपाल यादव, प्रखंड कार्यकारिणी में रेखा मण्डल एवं मेरी सुमन बागे को चुना गया। मौके पर जेपीएसएस के जिला अध्यक्ष कौशिक गांगुली, दिलीप कुमार महतो, एवं काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण के वेश में नृत्य कर दर्शकों को झुमाया

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कलाकार गांव सोड़ो में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण के वेश में रांची के तमाड़, नावाडीह के नर्तकी शितला देवी एवं रसीक गंगाधर महतो ने जमकर नृत्य प्रस्तुत किया। झुमर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया नयन सिंह मुण्डा, अतीका दास व इन्द्रजीत प्रामाणिक ने पुजा पाठ कर किया।झुमर सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुर रेडियो स्टेशन के कलाकार रामगोपाल गोप ने दिया। मौके पर पूर्व मुखिया पंचानन पातर, अशोक दास, सुरेन्द्र नाथ गोप, वार्ड सदस्य गोरी शंकर सिंह आदि थे।



# कांड्रा में पूर्व की भांति ट्रेनों का नहीं हुआ ठहराव, तो होगा रेल चक्का जाम : मधु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कांड्रा :** रांची जाने के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा गुरुवार को कांड्रा स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर कार्यकर्ताओं के साथ कई मुद्दों पर चर्चा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ द्वारा रेल समस्या का जिक्र करते हुए कई ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया। बताया गया कि विगत कोरोना काल से कई ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर बंद कर दिए जाने के कारण आसपास के लोगों को टाटानगर स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ रहा है। पूर्व सीएम ने इस मुद्दे पर कहा कि रेल अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र पूर्व की तरह कांड्रा स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव करने की मांग की जाएगी। इसके बाद भी ठहराव प्रारंभ नहीं किया जाता है तो कांग्रेस आंदोलन करने पर बाध्य होगी और जरूरत पड़ी तो रेल चक्का जाम भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मुख्य मार्ग से स्टेशन जाने वाले सड़क का निरीक्षण कर जल्द से जल्द इसके निर्माण हेतु जिला प्रशासन से मांग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर की दयनीय स्थिति पर दुख्ख व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील किया कि इस विद्यालय को पुनर्जीवित करने हेतु सामने आएं। इसमें सांसद या झारखंड सरकार से जो भी मदद की अपेक्षा की जाएगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता प्रकाश कुमार राजू, चंदन कुमार मिश्रा, डॉ जोगिंदर प्रसाद महतो, मनोज कुमार मिश्रा आदि भी उपस्थित थे।



# त्रिपुरा में डॉ अजय पर हमला के विरोध में कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर जताया जोरदार विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी व जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय के ऊपर भाजपा के नेताओं एवं गुंडों के द्वारा किए गए हमले के विरोध में जमशेदपुर प्रखंड कांग्रेस संयोजक सुल्तान अहमद के नेतृत्व में खासमहाल चौक में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिका साहा का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद विहारी दुबे, जिला कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर मुख्यत उपस्थित रहे। धर्मेंद्र सोनकर ने चुनौती देते हुए कहा कि हमारी संयम को हमारा कमजोरी ना समझे अगर हम मर्यादा तोड़ने पर उतर आए तो त्रिपुरा छोड़कर दूसरे राज्य में शरण लेना पड़ेगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजा सिंह राजपूत, जमशेदपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर, कांग्रेस नेता बादशाह, जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष चंदन यादव, कांग्रेस नेता अजितेश उज्जैन, गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष लकी शर्मा समेत सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता ने पुतला दहन किया ।



# पंचायत विकास के लिए मुखिया ने किया कार्यकारिणी बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के अरुवां पंचायत भवन में गुरुवार को पंचायत की सर्वांगीण विकास के लिए मुखिया सरस्वती मींज की अध्यक्षता पर एक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए मुखिया मींज ने सभी गांव का मेटों को निर्देश देते हुए कहा कि हर गांव में प्राथमिकता के आधार पर विकास की आवश्यकता है। पंचायत के विकास के लिए सरकार द्वारा वर्तमान में चल रही योजनाओं को शीघ्रता के साथ पूरा किया जाए तथा दूरगामी योजनाओं को निर्धारित किया जाए ताकि उसके पूरा होने के बाद पंचायत में विकास की गति को बढ़ावा मिले। मौके पर मुखिया सरस्वती मींज पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार महतो उप मुखिया गुरुचरण मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि महेश मींज, रोजगार सेवक विकास गोप ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, आदि उपस्थित थे।



# विधायक ने अपने हाथों से बनाया गुड पीठा किया मुख्यमंत्री हेमंत को भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने गुरुवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मकर पर्व की शुभकामना दिया। साथ ही विधायक ने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप अपने हाथों से बनाए हुए गुड पीठा भेंट किया। इस दौरान विधायक ने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो उपस्थित थे।

# महादेव बेड़ा टुसु मेला में उमड़ा जनसैलाब, जमकर थिरके युवक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** मकर संक्रांति के बाद पूरा कोल्हान टुसू मेला के रंग में रंग चुका है। इसी क्रम में आज झारखंड से सटे खोइर बेड़ा डेम में प्राकृतिक के मनोरम दृश्य के बीच टुसु मेला का आयोजन किया गया जिसमे कई टुसू पहुंचे। मेला में आस पास गांव से काफी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर आयोजन कमिटी ने बताया कि मेला की खासियत है कि इसमें हम लोग पुलिस बल की सहायता नही लेते है। पूरा मेला का कंट्रोल वोलेंटियर के जरिये ही होता है। वही मौके पर झुमर संगीत व बूगी बूगी डांस पर खूब थिरके युवक।

# सबकी योजना, सबका विकास अभियान पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में गुरुवार को सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख लक्ष्मी गागराई, बीडीओ मृत्युंजय कुमार व उप प्रमुख वासुदेव महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पंचायती राज के मास्टर ट्रेनर रंजीत कुमार आचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत पंचायत विकास योजना, जन योजना, सतत विकास, लक्ष्यों के लिए चिन्हित विषय, सकारात्मक वातावरण का निमार्ण योजना एवं प्रक्रिया अभिसरण के माध्यम से योजना का निमार्ण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखण्ड स्तरीय नोडल पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव एवं मनरेगा प्रखण्ड समन्वयक, सहित सम्बन्धित अन्य की उपस्थिति रही.



# मंत्री चम्पई के दीर्घायु के लिए ग्रामीणों ने अपने ईष्ट देवता से की पार्थना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के चांवर बाँधा के ग्रामीणों ने गुरुवार को रविकांत माझी की अगुवाई में अपने जाहेर स्थान में ईष्ट देवता (मरांगबुरु) से झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री सह विधायक चम्पई सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए जल चढ़ाया और आदिवासी परम्परा के मुताबिक पूजा अर्चना करते हुए मन्नत रखा। बता दें कि मंत्री चम्पई सोरेन आकस्मिक तबियत बिगड़ने के बाद पूरे झारखंड में उनके चाहने वाले जगह जगह उनके बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु दुआ ,प्राथना कर रहे है।कहीं पूजा अर्चना की जा रही है,तो यज्ञ हवन किया जा रहा है।तो कहीं चादर चढ़ाया जा रहा है तो कहीं जल चढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर माझी बाबा रविकांत माझी, प्राणिक प्रकाश मार्डी, लोधिया हांसदा, गुरबा मुर्मु, कुंभ टुडु, भीम मार्डी, अर्जुन हांसदा, कृष्णा किस्कू, रूपेण मुर्मु, बुधु मुर्मु एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# बारूहातु में फुटबॉल महाकुंभ व पुष्प चंद्र शांति टुसू मेला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई के बारूहातु फुटबॉल मैदान में स्वं महीपति सिंह मुंडा के पुण्य तिथि पर बारूहातु फुटबॉल एकादमी के द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं पुष्प चन्द्र शांति टुसू मेला-2023 संपन्न हो गई. इस फुटबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच में डीएस ब्रदर्श बिदरी के टीम को 2-1 से पराजित आर-टू एफसी हुतागुटू की टीम चैम्पियन बनी. इससे पूर्व फाईनल मैच का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी सह भाजपा नेत्री मीरा मुंड़ा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया. वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया. फुटबॉल प्रतियोगिता में चैम्पियन रहे आर-टू एफसी हुतागुटू टीम को 50 हजार,उप विजेता डीएस ब्रदर्श बिदरी को 35 हजार,तृतीय स्थान पर रोड एड़ रोमियों गुप एवं चैथा स्थान पर रहे जय मांता दी के टीम को 20-20 हजार रूपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था. इस दौरान मुख्य रूप भाजपा नेत्री मीरा मुंड़ा, कुचाई प्रमुख गुडड़ी देवी, खरसावां प्रमुख मनेन्द्र जामुदा, खूंटपानी प्रमुख सिद्वांर्थ होनहागा, मुखिया रेखामनी उरावं, मुखिया लुदरी मुंड़ा, मुखिया मंगल सिंह मुंड़ा, पुर्व मुखिया मानसिंह मुंड़ा, सांसद प्रतिनिधि लखीराम मुंड़ा, पंसस जयंती मुंड़ा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मंगल सिंह मुंड़ा,दुलाल स्वासी, धनश्याम मुंड़ा, विजय सिंह मुंड़ा, उपेन्द्र मुंड़ा, कालीचरण मुंड़ा, भुवनेश्वर मुंड़ा, चन्द्रभानु सिंह मुंड़ा, कृष्णा सिंह मुंड़ा, आदि उपस्थित थे.



# नन्द किशोर ने पत्नी सरोज संग गरीबों को भोग खिलाकर मनाया वर्षगांठ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा स्थित नन्द किशोर अग्रवाल एवं उनकी पत्नी सरोज अग्रवाल द्वारा उनके विवाह के 40वें वर्शगांठ के अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात् गरीबों के लिए भोग वितरण कराया गया एवं मंदिर में दान कर वर्शगांठ मनाया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्शगांठ के अवसर पर गरीबों एवं असहाय लोगों को किसी न किसी रूप में मदद प्रदान करते हैं। उक्त अवसर पर नन्द किशोर अग्रवाल एवं पत्नी सरोज अग्रवाल उनके पुत्र एवं पुत्रवधु अभिनव एवं जगमा अग्रवाल, अभिशेक एवं श्रीमती सोनल अग्रवाल उपस्थित थे।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का किया उदघाटन

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला का मंत्री सत्यानन्द भोगता ने उदघाटन किया। जिला मुख्यालय स्थित श्रम नियोजन परिसर में जिला नियोजनालय चतरा के तत्वाधान में आयोजित दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया।इस मौके पर श्री भोगता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चतरा जिले में रोजगार मेले का आयोजन कर युवाओं को जोड़ना खुशी की बात है। युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार युवाओं को कौशल विकास विभाग के माध्यम से हुनरमंद बना रही है। पूरे राज्य में कौशल विकास विभाग के तहत आधुनिक तरीके से विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार स्थानीय निजी क्षेत्रों की प्रतिष्ठानों और कम्पनियों में स्थानीय लोगों की 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो इसका प्रयास कर रही है। इस दौरान सैकड़ों युवा युवतियों को विभिन्न निजी कम्पनियों का ऑफर लेटर दिया गया। इस मेले के उदघाटन समारोह के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, राजद नेता भोली साहू समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन को लेकर गांव गांव में नुक्कड़ नाटक व संगीत प्रस्तुत कर किया जा रहा है जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा एवं कटहरा गांव में जल जीवन मिशन एवं घर घर जल नल नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीत के भाव से गांव के ग्रामीणों के बीच प्रस्तुत कर जागरूक किया जा रहा है। आगे बताते चलें कि जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम कर रहे लोगों ने बताया कि गांव में लोग अधिक से अधिक पानी का खर्च बिना काम के कर देते हैं। जिसे कम से कम पानी में अधिक से अधिक उपयोग कर पानी का बचाव करने की बातें बताएं।आगे बताया कि इस क्षेत्र से पानी का स्रोत दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहा है। इसके वजह जगह-जगह पर 200 से 500, 1000 फीट जमीन के अंदर बोरिंग के द्वारा गढ़ा खोद जल स्रोत की कमी कारन है।जिसे बचाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे वीरेंद्र कुमार राय चरित्र राय नागेश्वर राणा बेला यादव युगेश्वर यादव शिवनंदन सिंह राकेश भजन भंडारी रवि राय थे। इन लोगों ने यह भी बताया कि झारखंड के सभी जिला के सभी प्रखंड में लगभग लगभग सभी गांव में इस प्रस्तुति कर लोगों को जागरूक करना है।

## अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वैन की हुई चोरी




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी बकचौमा निवासी राजकुमार विश्वकर्मा का पिकअप वैन एफबी जिसका नंबर जेएच 13 ई 8491 की चोरी बुधवार की देर रात उनके घर के पास से ही कर ली गई। वाहन मालिक ने बताया कि गाड़ी में एक जनरेटर, वेल्डिंग मशीन, ग्रैंडर, स्टील पाइप रखा हुआ था जिसे रात में अपने घर के पास खड़ा किए थे। जब सुबह उठकर देखे तो गाड़ी गायब थी। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिला तो सिमरिया थाना में इसकी लिखित सूचना दी है। सूचना मिलते ही सिमरिया पुलिस पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गई है।

## मोटरसाइकिल से कोयला ले जा रहे कोयला को पुलिस ने किया जब्त



**चतरा /टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा कोल नगरी क्षेत्र अम्रपाली के समीप सेरनदाग चौक स्थित टंडवा पुलिस ने मोटरसाइकिल से कोयला बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला कोयला को जब्त किया है। इस तरह मोटर साइकिल से कोयला बेचने वालों पर सीसीएल और पुलिस की चाभुक चली है। जिससे मोटरसाइकिल से कोयला बेच रोजगार करने वालों में काफी दहशत है। साथ हीं बेरोजगारों में रोष उत्पन्न है।

# बीडीओ को मुखिया संघ ने सौंपा 9 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के मुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पंहुचा और प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह के नाम 9 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष विनोद महतो कर रहे थे। मांगो मे अंबेडकर आवास आवंटन सभी पंचायतों को बराबर देना और उसकी सूची उपलब्ध कराना, जनवितरण दुकानदारों के आवंटन के सूची दुकानवार मुखिया को उपलब्ध कराना, खाद्यान का वितरण मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि के उपस्थित में कराना, 15 वीं वित आयोग योजना की मापी पुस्तिका पर सचिव के साथ मुखिया का हस्ताक्षर को अनिवार्य कराना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार अथवा अन्य वितरण सहित बच्चो की संख्या को दीवार पर प्रदर्शित करना, साथ हीं उनके मासिक वाउचर पर मुखिया द्वारा सत्यापित कराना, स्वस्थ उपकेंद्र के डॉक्टर नर्स एवं कर्मचारी का नाम और मोबाइल नंबर पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराना प्रखंड कार्यालय में होने वाले बैठक की सूचना तीन दिन पूर्व उपलब्ध कराना और सभी कार्यक्रमों और समारोह में मुखिया की उपस्थिति सुनिश्चित कराना शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में मुखिया नरेश साव, इफ्तेशाम प्रवीण, अनीता देवी, शकुंतला देवी सहित अन्य मुखिया शामिल थे।

# अनुसमर्थन दल ने किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण, दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** राज्य के अनुसमर्थन दल के टीम ने गुरुवार को सिमरिया प्रखंड का दौरा किया। जहां दल में राज्य संयुक्त सचिव जितेंद्र देव, प्रशाखा पदाधिकारी मुकेश कुमार और मनरेगा मीडिया प्रभारी कुमार सौरभ शामिल थे। दल ने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक कई निर्देश दिया। जांच दल ने जांगी, कसारी और बगरा पंचायत के योजनाओं का अवलोकन किया। जिसमें मुख्य रुप से पीएम आवास योजना,जल छाजन जेएसएलपीएस का दीदी बाड़ी योजना का निरीक्षण किया। इसके आलावा अमृत सरोवर, आम बागवानी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कसारी पंचायत के लाभुको ने मनरेगा योजना में समय पर भुगतान नहीं होने की शिकायत की। जिसपर संयुक्त सचिव कड़ी संज्ञान लिया और अविलंब भुगतान करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार करने का निर्देश दिया। मौजूद बीडीओ नीतू सिंह बीपीओ सुबोध कुमार, पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों को योजना में गुणवत्ता बनाए रखने की सलाह दी। संयुक्त सचिव ने कहा कि उक्त योजनाए ग्रामीणों के कल्याण के लिए क्रियान्वित की जा रही है। ऐसे में योजना ग्रामीणों के काम आए इसी उद्देश्य से इसका निर्माण होना चाहिए। मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी, रूपेश तिवारी, अनुजा देवी, जिला समन्वयक राजदीप कुमार, मुखिया और ग्रामीण उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर यादव समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में यादव समाज ने निकाला मशाल जुलूस



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर ग्राम निवासी कृष्णा सिंह द्वारा यादव समाज के खिलाफ किए गए अभद्र टिप्पणी के विरोध में यादव समाज ने गुरुवार की शाम एक बीशाल मशाल जुलूस निकाला। जिसकी अध्यक्षता यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने की। मशाल जुलूस में शामिल यादव समाज के कई लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करना बंद करो, यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस सरंक्षण देना बंद करो,अभद्र टिप्पणी करने वाले को शीघ्र गिरफ्तार करो, यादव समाज जिंदाबाद, जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा समेत कई नारा लगा रहे थे। मशाल जुलूस बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के पास से आरंभ होकर मुरपा मोड़, थाना चौक, दुर्गा मंडप, टमटमटोला होते हुए पुनः थाना चौक पहुंचा ।जहां एक सभा में तब्दील हो गई ।मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने कहा कि यादव समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।वहीं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ यादव समाज ने बिरोध प्रदर्शन मसाल जुलूस निकाला है अगर यादव समाज पर टिप्पणी करने वाले पर कठोर एवं कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है। तो यादव समाज चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर मनोज यादव, दीपक यादव, उमेश यादव, प्रितलाल यादव,गंगेश्वर यादव, प्रिंस यादव प्रकाश यादव, विपिन यादव, विजय यादव, चंद्र मोहन यादव, विजय यादव, प्रदीप यादव अशोक यादव, गजेंद्र यादव, लालजी यादव, विवेक यादव, राजन यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शांति समिति की बैठक में शांति एवं सद्भाव पूर्ण सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय लिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा शांति एवं विधि पूर्वक बनाए जाने को लेकर 19 जनवरी 2023 को पत्थलगड़ा के थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक प्रमुख मनीषा कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने प्रत्येक बिंदु पर विचार किए उपरांत प्रखंड क्षेत्र में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रतिमा स्थापित कर सरस्वती पूजा संबंधित सभी कार्यक्रमों को शांति एवं सद्भाव पूर्ण परिवेश में मनाने का निर्णय लिया। इस बैठक में जिला परिषद रामसेवक दांगी, थाना प्रभारी बमबम कुमार, बरवाड़ी मुखिया महेश दांगी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, नीतू देवी, प्रखंड के सभी पंचायत के प्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित थे।

# बालूमाथ के कराटे खिलाड़ियों ने एशिया कप पर जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के गनेशपुर ग्राम के कराटे खिलाडियों ने कोलकता में आयोजित कराटे एशिया कप में अपना परचम लहराया है। कोच सिहान हिम्मत सिंह के नेतृत्व में ये सभी खिलाड़ी एशिया कप में भाग लेने के लिए कोलकता गए थे। जहाँ कराटे के बेसिक, काता और कुमिते में जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान इंदर कुमार राम, तीसरा स्थान नारायण कुमार व चौथे स्थान पर विवेक कुमार रहे। ये सभी ग्राम गणेशपुर थाना बालूमाथ रहने वाले है। वही सीनियर वर्ग में अखिलेश कुमार ग्राम गनेशपुर तीसरे स्थान पर रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिहान हिम्मत सिंह ने बताया कि एशिया फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियनशिप 2023 ऑल इंडिया क्युकुशीन काई कराटे फेडेरेशन के नेतृत्व में किया गया था ।जहां दिल्ली, उत्तरप्रदेश, नेपाल, भूटान बांग्लादेश, झारखंड समेत विभिन्न राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया था जो कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी अपनी प्रतिभा के अनुसार ट्रॉफी पर कब्जा रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि जो ट्रॉफी नही जीत पाए उन्हें निराश होने की जरूरत नही वो और हार्ड वर्क करें ताकि आने वाले अगले चैंपियन शिप में अच्छा प्रदर्सन कर जीत हासिल कर सके।

## 19 जनवरी से 25 जनवरी तक अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाया जा रहा है महा अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा लूकैया और सरैया जंगल में संचालित कोयले के अवैध खदान को सीसीएल की मदद से डोजरिंग कर भर दिया गया है। कोयले के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक महा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आज सुबह में जांच के क्रम में एनटीपीसी के सिंपलेक्स कंपनी के पास से 7 ट्रैक्टर बालू लदा हुआ पकड़ा गया जिसे सुबह में ही थाना प्रभारी टंडवा को सुपुर्द कर दिया गया। तथा जिला खनन पदाधिकारी द्वारा 2 स्टोन मेटल लदा हुआ हाईवा को जब्त कर थाना प्रभारी टंडवा को सुपुर्द कर दिया गया है इस पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने बताया कि लूकैया और सरैया जंगल में हो रहे अवैध खनन स्थल सीसीएल द्वारा अधिगृहीत क्षेत्र के अंतर्गत है। जिसका वन विभाग द्वारा एनओसी प्रतीक्षारत में है। इस कारण वैध रूप से कोयले की निकासी सीसीएल के द्वारा नहीं किया जा रहा है। अवैध कोयले के खदान को भरने का कार्य किया जा रहा है। और कई जगह भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध महा अभियान मोड में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। आज के अभियान में वन क्षेत्र पदाधिकारी अंचल अधिकारी के प्रतिनिधि पिपरवार थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल तथा सीसीएल के पदाधिकारी शामिल थे।गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी चतरा गोपाल दास, टंडवा के अंचल अधिकारी विजय दास एवं टंडवा थाना के थाना प्रभारी विजय सिंह तथा पुलिस बल के साथ कोयले का अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए छापामारी अभियान चलाया गया था।जिसमें लगभग 50 वाहनों की जांच की गई।

## ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, जेल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति लाईन मुहल्ला, हजरत गली में ब्राउन शुगर पीने एवं खरीद-बिक्री का काम कर रहें है। इस संबंध में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा लाईन मुहल्ला स्थित हजरत गली में जाकर छापमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया है। इस संबंध में सदर थाना काण्ड संख्या-08/23 दिनांक 18.01.2023, धारा - 21 / 22/27/ 29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने करीब 0.52 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ, एक स्मार्ट फोन, दो एल्युमिनियम का ब्राउन शुगर पीने वाला पेपर जब्त किया गया है। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के हजरत गली के सदमान आलम उर्फ साधू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की छापामारी टीम में एसडीपीओ अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुअनि कौशल कुमार, सिंह, सअनि शशिकान्त ठाकुर के साथ सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# 26 जनवरी झंडोतोलन को लेकर प्रखण्ड सभागार में बैठक आयोजित की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने की। बैठक में अंचल अधिकारी छुटेश्वर दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। जबकि बैठक का संचालन प्रमुख रोहन साहू ने किया। बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गई। निर्धारित समय सारणी के अनुसार नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:00 बजे, अनुमंडल कार्यालय में झंडोतोलन 9:05 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:15 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 9:25 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35 बजे, सिमरिया थाना में 9:45 बजे, रेफरल अस्पताल में 9:55 बजे और अनुमंडल स्तरीय झंडो तोलन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 10:05 बजे किया जाएगा। इसके अलावे क्षेत्र के सभी विद्यालय व पंचायत सचिवालयों में अपने हिसाब से समय निर्धारित कर झण्डोतोलन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में। 20 सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, उप प्रमुख दामोदर गोप, मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद महतो, नरेश साव, सुधीर सिंह, शकुंतला देवी, इफ्तेशाम प्रवीण, वनपाल अजीत तुरी, शकुंतला देवी, भूपेंद्र ठाकुर, जवाहर विश्वकर्मा, जवाहर यादव, भोला सिंह, करम साहू, रमन साहू, परमेश्वर यादव, लखन साहू, उस्मान मियां, के अलावे विद्यालय प्राचार्य, स्वास्थ कर्मी, सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

## चतरा में योगी मॉडल, सैरात भूमि के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

# महिला महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण की शिकायत पर हुई कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** यूपी के योगी मॉडल के तर्ज पर चतरा में भी प्रशासन अब अपराधियों, उग्रवादियों और अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई में जुट गई है। चतरा शहर से सटे पुलिस अधीक्षक आवास के समीप स्थित चतरा महिला महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर सैरात की सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर मौके पर पहुंची अंचल कार्यालय और सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमणकारियों को सख्त संदेश दिया है। बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची संयुक्त टीम ने पहले चरण में अतिक्रमणकारियों के कच्चे निर्माण और चारदीवारी के अलावा घेराबंदी को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उन्हें अविलंब संबंधित भूमि का दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करते हुए अवैध अतिक्रमण को स्वतः हटाकर सरकारी जमीन खाली करने की चेतावनी दी है।दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में पुनः उनके द्वारा अतिक्रमित भूमि पर बने अवैध घरों को ध्वस्त करने की भी चेतावनी जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने अतिक्रमणकारियों को दिया है। टीम का नेतृत्व कर रहे राजस्व कर्मचारी चंद्रदीप गांधी ने बताया कि अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने से पूर्व नगर परिषद और अंचल कार्यालय के द्वारा 30 अतिक्रमणकारियों को भूमि संबंधित तमाम दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया था। बावजूद किसी भी अतिक्रमणकारी ने समय अवधि बीत जाने के बाद भी न तो नगर परिषद कार्यालय और ना ही अंचल कार्यालय में भूमि से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जिसके बाद एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए पहले चरण में इनके द्वारा किए गए सैरात किस्म के सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। इसके अलावा इन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने को लेकर एक और मौका दिया जा रहा है। बावजूद कागज जमा नहीं किया जाता है तो इनके द्वारा सरकारी भूमि पर किये गए अवैध निर्माण को दंडाधिकारी की उपस्थिति में पूरी तरह से ध्वस्त कर जमीन को खाली कराया जाएगा। अंचल कार्यालय द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान उन्हें अतिक्रमणकारियों के भारी विरोध का भी सामना करना पड़ा। अतिक्रमणकारियों का आरोप है कि वे विगत 50 साल से अधिक समय से इस भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। उनके पूर्वजों के द्वारा इस भूमि पर घर और मकान बनाया गया था तब से यह यहां काबीज है। इतना ही नहीं इनके द्वारा उक्त भूमि का होल्डिंग टैक्स और यहां निर्मित घरों का बिजली बिल के राजस्व का भी संबंधित विभागों को नियमित भुगतान कर रहे हैं। बावजूद जिला प्रशासन द्वारा बगैर पूर्व नोटिस के उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जा रही है। वह किसी भी परिस्थिति में अपना घर और जमीन छोड़कर नहीं जाएंगे। लोगों का कहना है कि हम लोग गरीब परिवार से हैं। दिनभर कमाते हैं तो रात को खाते हैं। ऐसे में अपना घर जमीन छोड़कर चतरा में जमीन लेना उनके लिए संभव नहीं है। जबकि नगर परिषद और अंचल कार्यालय के पदाधिकारी कार्रवाई से पूर्व उन्हें नोटिस देने की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि चतरा शहर के रिहायशी इलाके में स्थित नगवां मौजा में 72 एकड़ सैरात किस्म की सरकारी जमीन है। इसी में विनय भारती पार्क के अलावे जिले के वरीय अधिकारियों का सरकारी आवास व चतरा महिला महाविद्यालय समेत अन्य कार्यालय भी अवस्थित है। जिसमें करीब 6 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर 30 परिवारों ने कब्जा जमा रखा है। जिसकी शिकायत समाजसेवियों ने संबंधित विभागों से की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पर उतर कर चुंगी वसूली के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाकपा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम क्षेत्र में कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर नगर निगम ने जबरन एक और टैक्स थोपने का काम किया है जिसका विरोध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी करती है। छोटे से लेकर बड़े कमर्शियल वाहन आज चुंगी वसूली से परेशान है। कमर्शियल वाहनों की जितनी आमदनी नहीं है उससे अधिक प्रत्येक दिन हर आवागमन की स्थिति में उन्हें नगर निगम को टैक्स देना पड़ता है जिससे उनकी कमाई मारी जाती है। नगर निगम प्रशासन आनन-फानन में सरोज यादव को ठेका देकर आम जनजीवन में दुराचार की भावना पैदा कर रही है। चुंगी वसूली को नगर निगम प्रशासन बंद नहीं करता है तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आगामी कुछ दिनों में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। झारखंड के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि ?40 से लेकर ?160 तक कमर्शियल वाहन टैक्स देते हैं जबकि कमर्शियल वाहनों को नगर निगम क्षेत्र से बाहर निकलने का रिंग रोड भी अब तक बन नहीं सका है और चुंगी वसूली किया जा रहा है जो सरासर गलत है। चुंगी वसूली झारखंड के गिने-चुने नगर निगम क्षेत्र में मनमाने रवैया से किया जा रहा है। इस मामले को लेकर जल्द ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल रमेश बैस को पत्र लिखूंगा और नियम संगत कानूनी कार्यवाही की मांग राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री से करूंगा। साथ हीं नगर निगम प्रशासन इस पर ठोस पहल करें और चुंगी वसूली की प्रक्रिया का ठेका रद्द करें और चुंगी वसूली का काम पूर्ण तरीके से नगर निगम क्षेत्र में कमर्शियल वाहनों से लेना बंद करें।

### रामगढ़ जिला नाई समिति की बैठक संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 19 जनवरी को स्थानीय स्टेप बाय स्टेप स्कूल ब्लॉक के समीप के प्रांगण में रामगढ़ जिला नाई समिति के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर पूर्ण कांत कुमार ठाकुर जिलाध्यक्ष रामगढ़ ने किया। संचालन लालचंद ठाकुर जिला सचिव एवं धन्यवाद ज्ञापन कृष्णा ठाकुर ने किया।आज के बैठक में रामगढ़ प्रखंड कमिटी का गठन किया जाना था। लेकिन कमेटी गठन के दौरान अध्यक्ष ,सचिव एवं उपाध्यक्ष पद पर एक से अधिक नाम आने के कारण कमिटी का गठन नहीं हो पाया । जिस कारण से कमेटी का गठन स्थगित किया गया ।कमिटी का गठन स्थगित करते हुए घोषणा किया गया कि आगामी 31 जनवरी 2023 के जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती सह मिलन समारोह मनाने के पश्चात किया जाएगा ।आज के बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपना अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया और कार्यक्रम को भव्य मनाने पर बल दिया ।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संरक्षक महेंद्र ठाकुर राजेश ठाकुर कृष्णा ठाकुर किस्टो ठाकुर अशोक शर्मा किशोर ठाकुर नूतन आनंद अमित ठाकुर सुभाष ठाकुर धनंजय ठाकुर हृदय नारायण ठाकुर हीरालाल ठाकुर संजय ठाकुर सुधीर ठाकुर आदित्य शर्मा राजन ठाकुर रामाशीष शर्मा अनिल ठाकुर प्रेम ठाकुर भुनेश्वर ठाकुर राजेश ठाकुर विक्की ठाकुर अनूप कुमार ठाकुर किशोर ठाकुर बहादुर ठाकुर के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में प्रत्याशी के लिए धनंजय कुमार पुटूस ने की दावेदारी

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा में उप चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इस चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा नेता सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने भी अपने टिकट के लिए भाजपा के समक्ष दावेदारी पेश की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के समक्ष अपनी दावेदारी पेश करते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि मैं लंबे समय से भाजपा से जुड़ा रहा हूं, तथा पार्टी के जिला व राज्य स्तरीय कई पदों पर रह चुका हूं , एवं वर्तमान में प्रदेश पदाधिकारी हूं। अगर भाजपा मुझे टिकट देगी तो मैं पार्टी व पार्टी जनों के सहयोग से इस सीट पर विजयी होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा। मुझे उम्मीद है कि पार्टी मेरी उम्मीदवारी को गंभीरता से लेते हुए मुझे टिकट अवश्य प्रदान करेगी ।

## रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहां की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत पूरे रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा, 7 फरवरी 2023 तक नामांकन किया जा सकेगा, उम्मीदवारों के स्क्रूटनी का कार्य 8 फरवरी 2023 को किया जाएगा एवं नाम वापसी के लिए आखिरी तिथि 10 फरवरी 2023 तक होगा।

उपचुनाव के दौरान मतदान 27 फरवरी 2023 को एवं मतगणना 2 मार्च 2023 को होगी वहीं चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च 2023 तक पूरी कर ली जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची एवं 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए नामांकन के आखिरी दिन तक अद्यतन मतदाता सूची में शामिल मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग उपचुनाव के दौरान कर सकेंगे। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें रामगढ़ के लिए 118, दुलमी के लिए 64, चितरपुर के लिए 70 एवं गोला प्रखंड के लिए 153 मतदान केंद्र होंगे। उपचुनाव के दौरान कुल 334167 मतदाता(172923 पुरुष एवं 161244 महिलाएं) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों को वैसे सभी प्रकार के प्रचार सामग्री जो कि सरकारी भवनों में लगाए गए हैं उन्हें उप चुनाव की घोषणा होने के 24 घंटे के अंदर हटाया जाना है वहीं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अंदर सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्रियों को हटा लेना है।

## आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच उपचुनाव को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नगर परिषद क्षेत्र के छत्तर मांडू के बुढ़िया मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी वार्ड कमिटी द्वारा आगामी होने वाले उपचुनाव को लेकर एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन वार्ड अध्यक्ष पवन कुमार ने किया। जिसमे मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एवं आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,उपाध्यक्ष डिया महतो उपस्थित हुए।बैठक में पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने कहा कि फरवरी माह में होने वाले उपचुनाव में आजसू समर्थित उम्मीदवार सुनीता चौधरी को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विधानसभा भेजने का कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों के घर तक जाकर लोगों को जागरूक करें और वर्तमान सरकार के उदासीन रवैये को सबको बताएं।बैठक में मुख्य रूप से अजित कुमार,राजकिशोर कुमार, प्रकाश कुमार,विकास कुमार, दीपन कुमार,पारस कुमार, कीरिंग नायक,रवि कुमार,अजित कुमार, अंजू देवी,मीना देवी, यशोदा देवी, बबिता देवी,स्वास्तिक कुमार, दीपक कुमार आदि दर्जनों महिलायें उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर पूरे रामगढ़ जिले में निषेधाज्ञा लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ 23 विधान सभा उप निर्वाचन 2023 की घोषणा कर दी गई है। तिथि की घोषणा के साथ ही पूरे रामगढ़ अनुमण्डल क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है व निर्वाचन की प्रक्रियाओं को प्रारम्भ किया जा चुका है। इस परिस्थिति में विभिन्न राजनैतिक दलों / असामाजिक तत्वों एवं अन्य लोगों के द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं मीड़ जमा होने से विधि व्यवस्था / शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना के मद्देनजर अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन द्वारा लोक शांति बनाये रखने, विधि व्यवस्था संधारित रखने, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन कराने एवं रामगढ 23 विधान सभा उप निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निमित दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न निषेधाज्ञा पूरे रामगढ़ जिले में चुनाव कार्य समाप्ति तक लागू किया गया है।

## बलदेव गंझू ने ग्रामीणों के ऊपर लगाया मार पीट का आरोप, ग्रामीणों ने कहा आरोप झूठा, जांच किया जाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा पंचायत के गाली गांव निवासी बालदेव गंझू ने हजारीबाग के एससी/एसटी थाने में दबंगों के खिलाफ घर से खींच कर मारपीट करने, आदिवासी-दलित कहकर प्रताड़ित करने और जान से मारने के लिए भीड़ को उत्तेजित करने का आरोप लगाते हुए 16 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बलदेव गंझू का आरोप है कि बीते 13 जनवरी को उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जान से मार देने की कोशिश की गयी।

**ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे कर जांच की मांग की :** दूसरे पक्ष के तरफ से पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया है जिसकी प्रतिलिपि बड़कागांव एसडीपीओ और थाना प्रभारी को दिया गया है। आवेदन के अनुसार ग्रामीणों का कहना है की बलदेव गंझू के द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के तहत झूठा मुकदमा किया गया है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है शुक्रवार के दिन वन समिति ग्राम गाली, बलौदर एवं गोंदलपुरा के ग्रामीणों की बैठक हो रही थी। इसी क्रम में अदानी कंपनी के अधिकारी सुरक्षा बलों के साथ बलदेव गंजू के घर से निकले। बलदेव गंझू हम ग्रामीणों के साथ गाली गलोज, महिलाओं के साथ हाथा - पाई जो की ग्राम गाली के ही फूलचंद गंझू की पत्नी के साथ करने लगे। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बीच बचाव में बासदेव भुइयां, फलेंद्र गंझू एवं गाली के ही कुछ लोगों द्वारा शांत कराया गया। इस बीच ग्रामीणों के द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दिया गया। जिन लोगों का नाम केस में दिया गया है वह झूठा है।

साथ ही आवेदन के माध्यम से मांग किया के मामले का स्थल जांच कर वस्तु स्तिथि से अवगत होते हुए आगे की करवाई की जाए। आवेदन देने वालों में प्रतिमा देवी, राधा देवी, सरिता कुमारी, विनीता देवी, संजू देवी, रीता देवी, नगीना देवी शामिल है।

## सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात कर ग्रामीणों ने सांसद को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** गुरुवार को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात कर लोगों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पतरातु थर्मल (रशियन हॉस्टल) से लेकर शाहीटाड होते हुए रोचाप (डोकाटॉड) से ग्राम टेरपा तक बनने वाली कालीकरण सड़क जिसकी लगभग 5.6 किलोमीटर लागत 3ज़50करोड़(तीन करोड़ पच्चास लाख )है। उक्त सड़क कि स्वीकृति एवं निविदा जारी होने के लिए सांसद जयंत सिन्हा को बुके देकर अभार प्रकट किए एवं बधाई दिए। मौके पर सांसद ने कहा कि क्षेत्र के सभी ग्रामीण सडको को मरम्मत एवं पक्कीकरण करने के लिए प्रयासरत हूं और लोगों को अच्छी सड़क मिले इसके लिए संबंधित विभागों को अनुशंसा हेतु बात की जा रही है। साथ ही जिला खनिज विकास निधि से हर घर जल-नल योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। क्षेत्र में सभी आंगन आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कंपनियों की सीएसआर योजना के तहत मरम्मत एवं सुंदरीकरण का कार्य लगभग पूरा होने को है। बधाई देने वालों में सरोज कुमार त्रिभुवन महतो त्रिवेणी ठाकुर भूपेंद्र सिंह सुरेंद्र कुमार संजय ठाकुर डीएन मुंडा प्रितम सिंह फलेशवर विरोहर रोहन मुंडा रोहित मिश्रा हरिचरण महतो प्रकाश सिंह उमेश विरोहर रतन विरोहर जोगन मुंडा रामचरण करमाली हेमलाल वीरोहर आदि शामिल हैं।

## सरना उच्च विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी ईमानदारी से निभा रहा : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सरना उच्च विद्यालय दाडीडीह का 23 वां स्थापना दिवस समारोह सम्मान पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य राजाराम प्रजापति,पालू मुखिया पानो देवी,समाजसेवी धनेश्वर महतो,कोतो पंसस वीणा कुमारी,पालू पंसस सुनीता देवी,पालू पंसस अजय सिंह,कोतो उपमुखिया उमा कुमारी,उपमुखिया उज्वल कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति रोशनलाल चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उपस्थित ग्रामीणों,शिक्षकों, बुद्धिजीवियों,एवम विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की एक स्वस्थ और शिक्षित समाज की स्थापना के लिए उच्च और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रसार की जरूरत होती है। जिसमे सरना उच्च विद्यालय दाडीडीह अपनी भागीदारी बहुत ही अच्छे से निभा रहा। यहां के विद्यार्थी दुनियाभर में अपने,अपने अभिभावकों एवम क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को राजाराम प्रजापति,पानी देवी सहित विभिन्न गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर ब्रजेश सिंह,अशोक पाठक,हरी प्रजापति,अजय रवि,राकेश विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे थे।



## रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की होगी जीत : बजरंग महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गोला विधायक कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की आवश्यक बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता संतोष सोनी संचालन मनोज कुमार कोटवार ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए कांग्रेस वरिष्ठ नेता बजरंग महतो जिसमें सभी क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुवा जिसमें बजरंग महतो जी ने कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ता को मजबूती के साथ चुनाव लडना है साथ ही सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर काम करेंगे साथ ही जो षडयंत्र के तहत पुर्व विधायक ममता देवी को फंसाया गया है जिसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा और मजबूती के साथ पिछला बार से अधिक वोटो से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने का कार्य करेंगे मौके पर उपस्थित थे पुर्व प्रखंड अध्यक्ष राम विनय महतो कोलेश्वर बेदिया लखेश्वर महतो अजीत करमाली रामप्रसाद करमाली अनवर अंसारी कमलेश कुमार महतो मनोज कुमार मोतीलाल बेदिया सहदेव सिंह आंदू महतो पिंगलेश कुमार महतो अंशु बेदिया तनु करमाली श्रीकांत महतो निमाई बेदिया कौशल राजा मोहम्मद हसन इमाम परमेश्वर महतो छोटू रजवार गौरीशंकर महतो माणिक पटेल संजय कुमार महतो शंभू कुमार महतो सुरेश रविदास विनोद करमाली दिनेश कुमार महतो भोला दांगी तुलसीदास महतो मोहम्मद सगीर अंसारी चंदन कुमार महतो सोनाराम महतो भीम मुंडा मधुसूदन महतो मनोज करमाली तस्लीम अहमद उमेश महतो एनोद महतो प्रवीण कुमार कृष्ण कुमार आभिमान्यू महतो महादेव महतो राजेंद्र प्रजापति लालमोहन महतो मजेश महतो विरेंद्र महतो लतीफ राजेश महतो कुलेश्वर मुंडा शक्तिचरण महतो धीरेन महतो आदि उपस्थित थे।

## नव नामांकित गृह रक्षकों की बहाली शीघ्र करें सरकार : डॉ आरसी प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नव चयनित आंदोलनरत अभ्यर्थियों का नियमावली 2014 के अनुसार बहाली करें झारखंड सरकार। 4 माह तक अभ्यर्थी अनशन भूख हड़ताल कर चुके हैं तत्कालीन डीसी जो कि बहाली समिति के अध्यक्ष थें,ने बहाली का आदेश जारी किया था परन्तु विभागीय त्रुटि के कारण बहाली रद्द कर दिए गया। त्रुटि क्या है आज तक खुलासा नहीं हुआ । अभ्यार्थी दर दर ठोकरें खा रहे हैं अनेकों की उम्र सीमा समाप्त हो रही है। श्री मेहता ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि जिस तरह आपने पारा शिक्षकों पुरानी पेंशन 32 का खतियान 27त्न आरक्षण पर सराहनीय कार्य है उसी तरह अभ्यर्थियों का कल्याण करें क्योंकि कहीं ना कहीं होमगार्ड अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है ।यह बातें हजारीबाग के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने होमगार्ड संगठन के पदाधिकारियों संग बैठक करते हुए अपने कार्यालय में कही।

## 125 कंबल का हुआ वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम पंचायत कटिया बस्ती में पीवीयूएनएल सीएसआर के सहयोग से मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा 125 कंबल का वितरण किया गया। वहीं पंचायत के मुखिया ने कहा कि इस कड़ाके के ठंड में गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल मिलने से ग्रामीण काफी राहत महसूस कर है। पीवीयूएनएल के सीएसआर टीम को पंचायत की ओर से ग्रामीणों ने अभार व्यक्त किए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएसआर से निशांत सैनी चेतन कुमार पंचायत समिति अनीता जैन उप मुखिया नंद किशोर महतो सानिध्य के सचिव अमित कुमार सिंह मनोज वर्मा जलसहिया संगीता देवी वार्ड सदस्य तेरूस देवी मदन कुमार किरण देवी रणधीर कपूर रविंद्र कुमार रवि कुमार जय नाथ महतो अरुण झा गोवर्धन कुमार राजू कुमार रूपलाल महतो अशोक कुमार बसंती देवी शीला देवी उमा देवी पाचो देवी सावित्री देवी प्रमिला देवी देवंती देवी प्रभादेवी गीता देवी रेखा देवी मीना देवी कौशल्या देवी शकुंतला देवी मीरा देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## जन समस्याओं के निदान के लिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में लगेगा जनता दरबार : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक बुधवार को प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव में जनता दरबार लगाया जाएगा, उक्त बाते दिन बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में कहीं। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से विधायक अंबा प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे मौजूद रहे। जनता दरबार मे प्रखंड के विभिन्न गांव से फरियादी अपने राशन कार्ड की समस्या, जमीन से सबंधित-म्युटेशन, रसीद निर्गत, पेंशन, पशु शेड निर्माण, सुखाड़ राहत, किशोरी समृद्धि योजना, जेएसएलपीएस से जुड़ने सहित कई मामलों को लेकर विधायक के समक्ष रखा।

जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विधायक ने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, त्रिलोकी साव, जमाल सगीर, शमशेर आलम, महेंद्र नाथ पांडे, नरेश साव, श्याम भार्गव समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## सामाजिक जीवन शैली में सुधार भ्रष्टाचार उन्मूलन में प्रभावी : बाबूलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गुरुवार को मंजुला शर्मा एकेडमी के उद्घाटन एवं प्रो केपी शर्मा द्वारा लिखित भारत में संस्थागत भ्रष्टाचार पुस्तक ,के विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा युवराज पैलेस होटल के पास किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल कोऑपरेटिव कॉलोनी के आदर्श नगर स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में सभा हुई ।जहां श्री मरांडी द्वारा फीता काटकर एकेडमी का उद्घाटन किया गया एवं प्रोफेसर केपी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक भारत में संस्थागत भ्रष्टाचार पुस्तक का अन्य अतिथियों के साथ विमोचन किया गया ।अपने संबोधन में श्री मरांडी जी ने कहा किसी भी संस्था के प्रधान चाहे तो भ्रष्टाचार समाप्त हो सकता है। जैसा कि अपने शासनकाल में मेरे द्वारा सख्त निर्देश था कि हमारे सहयोगी ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा नहीं ले और ना ही विकास कार्यो में कमीशन ले तो भ्रष्टाचार समाप्त हो सकता है। सामाजिक जीवन शैली में सुधार लाकर भी भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक बरही मनोज यादव ,उमेश प्रसाद मेहता जिप अध्यक्ष, रोशनी तिर्की, प्रत्यूष कुमार,अनुराधा,उमेश प्रताप ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता ,अनिल मिश्रा ,हरीश श्रीवास्तव, भैया अभिमन्यु प्रसाद ,जिला पदाधिकारी सुनील मेहता ,राजेश गुप्ता, सुनील साहू ,जय नारायण प्रसाद, मूलचंद साहू ,भैया बांके बिहारी ,किशन यादव ,गणेश वर्मा सीटू, सत्यभामा ,अशोक कपर दार, डेगन मेहता ,शेर सिंह ,दिनेश कुशवाहा, चौधरी प्रसाद ,रमेश हेंब्रम, हीरा सिंह ,प्रकाश शर्मा, संजय सरण, विशाल बाल्मीकि ,उज्जवल दास और तनवीर आलम उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन द्वारा की गई एवं संचालन प्रोफेसर सुबोध सिंह द्वारा की गई उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयराम प्रसाद द्वारा दिया गया।

### बड़ा बाजार के सत्यनारायण मंदिर मे 7 फरवरी से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**हजारीबाग :** शहर के बड़ा बाजार चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर मे वर्षोपरांत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है मंदिर परिसर में आगामी 7 फरवरी से 11 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया जा रहा है। जिसमे माता लक्ष्मी एवं वीर बजरंगी की प्रतिमा को विराजमान किया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर मे रंग रोगन का कार्य प्रारंभ है। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु, भगवान भोलेनाथ सहित अन्य कई देवी देवता विराजमान हैं। बताया जाता है कि आज से करीब सौ वर्ष पूर्व इस मंदिर का निर्माण किया गया था। मंदिर परिसर जन्माष्टमी एवं महाशिवरात्रि को भव्य रूप से सजाया जाता है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नई बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन भारत में लॉन्च हुई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने देश में नई बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन लॉन्च की है। चेन्नई में बीएमडब्ल्यू ग्रुप के प्लांट में स्थानीय रूप से निर्मित यह कार पेट्रोल और डीजल दोनों वैरिएंट्स में भारत में बीएमडब्ल्यू इंडिया की सभी डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। न्यू बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन अपने सेगमेंट में सबसे लंबी, ज्यादा जगह वाली और आरामदायक कार है। यह कार अपनी श्रेणी में नए मानक तय करती है। यह कार सुपरलेटिव लग्जरी, असाधारण ड्राइविंग डायनैमिक्स और अविश्वसनीय इनोवेशन प्रदान करती है।बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट मिस्टर विक्रम पावा ने कहा, 3सीरीज ने दुनिया भर में लाखों लोगों का दिल जीत लिया है। बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन ड्राइवर के लिए बेहतरीन स्पोर्ट्स सेडान और यात्रियों के लिए जबर्दस्त लक्जरी कार का परफेक्ट मिश्रण है। नई बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन अपने नए डिजाइन, ज्यादा आधुनिक और पर्याप्त जगह वाले माहौल और डिजिटलीकरण की प्रगति के साथ लंबी छलांग लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह स्पष्ट रूप से ड्राइविंग का आनंद (शियर ड्राइविंग प्लेजर) प्रदान करती है। इसमें शानदार लग्जरी की झलक इसे लोगों के साथ-साथ उनके परिवार के लिए भी बेहतरीन पसंद बनाती है। अपनी सबसे आगे रहने वाली कनेक्टेड ड्राइव तकनीक और शक्तिशाली इंजन के साथ, नई बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज ग्रैन लेमोज़िन प्रीमियम सेगमेंट में ड्राइविंग का शानदार आनंद देती है।



## धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहता है : चंद्रप्रकाश

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र अरगड्डा में साई मंदिर के छठीं वर्षगांठ पर महाआरती का अयोजन किया गया । जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ठ अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए। उन्होंने भगवान साई बाबा से क्षेत्र में सुख समृद्धि बना रहे इसकी कामना किए। इस मौके पर छोटू पटेल, सुशील सिंह, गुड्डू यादव सहित अन्य उपस्थित थे ।

## +2 मध्य विद्यालय झरपो में वार्षिक कार्य योजना बाल सभा का किया गया आयोजन

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के +2 मध्य विद्यालय झरपो के प्रांगण में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत जीपीडीपी का वार्षिक कार्य योजना तैयार करने हेतू बाल, बालिका सभा का आयोजन झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में विद्यालय के विकास करने पर चर्चा किया गया. मुखिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं के चयन हेतु सभा का आयोजन किया गया है. साथ ही कई प्रस्ताव पारित किये गये है. बैठक में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, डिप बोरिंग, कंप्यूटर शौचालय इत्यादि विद्यालय के विकास हेतू योजनाओं का चयन किया गया. मौके पर रोजगार सेवक संतोष राम, सरजु प्रसाद, किशोरी ठाकुर, मोहन साव, प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र दीपक बसंत राम, उषा रानी, कोलैश्वर मिश्र, महेन्द्र इंदीवर, सविता कुमारी, आरएस प्रसाद, मुनी देवी, उषा कुशवाहा, पंकज कुमार इत्यादि शामिल थे।

## शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था से आहत छात्रों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्विद्यालय अंतर्गत एक संचालित इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स की स्थिति दयनीय हो गयी है। पिछले एक साल से हमारे विभाग ने पीएआर नहीं जमा कर पाने के कारण अपनी मान्यता खो दिया है। वहीं वर्तमान समय में विभाग में चल रहे सभी सत्र विलंब से चल रहे हैं,हद तो तब हो गयी, जब विभाग की निवर्तमान निदेशिका डॉ प्रणिता के हठ के कारण विभाग के एक शिक्षक डॉ रजनीश कुमार को लगभग 1 वर्ष तक वेतन नहीं दिया गया, और न ही किसी प्रकार का जीवन यापन भत्ता दिया गया , जिससे उनकी माँ की मौत हो गयी।उक्त मामले में कुलपति की मध्यस्थताके पश्चात डॉ रजनीश कुमार को कुछ महीनों का वेतन मिल गया है। इस सम्बंध में सभी छात्र- छात्राओं का निवेदन है कि, निवर्तमान निदेशिका के द्वारा जनवरी 2020 से वर्तमान समय तक जो भी कार्य किये गये हैं उसकी अपने स्तर से जाँच करवाते हुवे विभाग को सही ढंग से संचालित करने का आदेश प्रदान करें ।ज्ञापन में सैंकड़ों छात्रों के हस्ताक्षर है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा उन्नत भारत अभियान 2.0 के तहत सर्वे संपन्न

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उन्नत भारत अभियान 2.0 के तहत ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा कोडरमा जिले के गोद लिए 5 गांवों जोंगी, पूतो, सरदारोडीह ,नावाडीह, आरागारो में सर्वे कार्य संपन्न किया । सर्वेक्षण के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक सूचनाओं का संग्रह किया गया । जिसे महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा पूर्ण किया गया। सर्वे के दौरान प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों की आधारभूत जरूरतों की समस्याओं की पहचान की । जिसमें उन्होंने ग्रामीणों के शिक्षा स्तर, रोजगार, स्वास्थ्य, दैनिक जीवन ,जल आपूर्ति, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षुओं ने लगभग 600 घरों में जाकर उनके दैनिक जीवन में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस सर्वे का संचालन महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान 2.0 के समन्वयक सौरभ शर्मा और महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका खुशबू कुमारी सिन्हा के निर्देशन में किया गया । सर्वे में बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षु विकास कुमार, प्रदीप कुमार ,विक्रम दांगी, सूरज कुमार, राम कुमार, दिनेश कुमार, भीम कुमार, वरुण कुमार ,संदीप कुमार ,राम कुमार, दिनेश कुमार ,एवं महाविद्यालय के चुन्नू कुमार ,सुचित कुमार, अरविंद कुमार और अनुपम कुमार सिंह ने अपनी अहम भूमिका निभाई। सर्वे सम्पन्न होने पर महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को सर्वे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य में भी किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षु तत्परता के साथ कार्य करने के लिए अभिप्रेरित किया एवं प्राचार्य डॉ बी.सी स्वेन ने इस कार्य की सराहना की एवम आश्वस्त किया की भविष्य में सभी गोद लिए गांवों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

## ग्रिज़ली विद्यालय के छात्र पवन कुमार का झारखण्ड ब्लाइंड क्रिकेट टीम में चयन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिलैया डैम के ग्रिज़ली विद्यालय के छात्र पवन कुमार का चयन झारखंड ब्लाइंड क्रिकेट टीम में हुआ है। जमशेदपुर के ट्रैवलर कल्चर सेंटर में आयोजित चयन प्रक्रिया में ग्रिज़ली विद्यालय के योगा शिक्षक उमेश कुमार विश्वकर्मा के साथ पवन कुमार शामिल हुए जहाँ वर्तमान में भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम के उपकप्तान सुजीत मुंडा तथा झारखण्ड ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी शुभम कुमार तथा अन्य पदाधिकारीगण चयन प्रक्रिया में उपस्तिथ थे उनकी मौजूदगी में पवन कुमार का चयन झारखण्ड की टीम में किया गया है। गौरतलब हो की ग्रिज़ली विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र पवन कुमार पहले भी जिला तथा राज्य स्तर पर योग प्रतियोगिताओं में भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पवन कुमार जिले में प्रथम तथा राज्य स्तर पर आर्टिस्टिक (कलात्मक) योगासन में दूसरे स्थान पर रह चुके है। पवन कुमार के चयन होने पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे तथा अविनाश सेठ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने पवन के चयन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा की जिस प्रकार पवन ने प्रतिकूल परिस्थितियों में यह सफलता हासिल की है यह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने कहा की पवन का चयन उसके मेहनत तथा शिक्षकों के द्वारा दिखाया गया मार्गदर्शन का परिणाम है।

## टेलीमेडिसिन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सर्जन कार्यालय, सभागार में जिला में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों को इ-संजीवनी (टेलीमेडिसिन) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ0 अनिल कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें टेलीमेडिसिन के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। वहीं सिविल सर्जन डॉ0 अनिल कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों को टेलिकंसल्टेशन के माध्यम से बेहतर चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराना, जिससे ग्रामीण अपने निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जिला एवं रिम्स , ऐम्स के चिकित्सकों से मुफ्त उपचार का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे अपने रोस्टर के अनुसार ऑनलाइन हो कर अधिक से अधिक लोगों का उपचार करें।वहीं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह एन0 सी0 डी0 सेल के नोडल पदाधिकारी डॉ0 रमण कुमार नें कहा कि यह उतना ही प्रभावी है जितना एक टेलीफोन के जरिये चिकित्सा संबंधी किसी समस्या पर रोगी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ आपस में बात करते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी ओ0 पी0 डी0 की संख्या को अधिक से अधिक बढ़ाने को कहा।

## तीर्थ यात्रियों का जत्था अजमेर शरीफ के लिए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मुस्लिम तीर्थ यात्रियों का एक जत्था अजमेर शरीफ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह पर हाजिरी देने के लिए बरही रसोइया धमना से रवाना हुए। अजमेर शरीफ जाने वाले जायरीनों को अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति ने माला पहनाकर विदा किया। बतौर मुख्य अतिथि मौलाना मो इस्लाम मिस्बाही ने सभी जायरीनों के लिए दुआ किया। साथ ही कार्यक्रम में सभी लोगों के लिए एवं सभी मुल्क वासियों के लिए दुआ किया। मुल्क में भाईचारगी, मुल्क की तरक्की, अमन हमेशा बनी रहे, ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर सभी धर्मावलंबियों के लोग आते हैं, सभी की मुरादें पूरी होती है। साथ ही हमारे देश के हुकुम के जानिब से भी गरीब नवाज के रोजे पर चादर पेश की जाती है। धमना मोड़ से मो मोजिम के सदारत में तीन बस खुली। तीनों बस को सभी लोगों ने खुशी खुशी से रवाना किया। साथ में करामत अली, मो कासिम ने अहम भूमिका निभाते हुए मो मोजिम को हमेशा के लिए तैयार किया। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने जायरीनों से प्रखंड के अमन चैन व खुशहाली के लिए दरगाह पर दुआ मांगने की अपील की।

## दहेज जैसी कुप्रथा को समाज से उखाड़ फेंके तभी होगा समाज संपन्न : बलियावी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही कोनरा कर्बला मैदान में 18 जनवरी बुधवार को इदार- ए - शरिया तरीक - ए-बेदारी व इसलाह-ए-मोआशरा कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग जिलों एवं गांव पंचायत से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए इस। कांफ्रेंस की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम रसूल बलियावी एवं संचालन मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी रांची इदार- ए- शरिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में गुलाम रसूल बलियावी हूए। उन्होंने कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में दहेज जैसी प्रथा बहुत ही गंदी प्रथा है इस गंदी दहेज प्रथा को समाज से उखाड़ फेंकने की जरूरत है तभी हमारा समाज संपन्न होगा। आगे उन्होंने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की घोर कमी है इस कमी को हम सब मिलकर दूर करने का प्रयास कर रहे हैं यह कॉन्फ्रेंस इसी का एक रूप है। उन्होंने झारखंड सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड सरकार अपने किए वादे को निभाने में असफल नजर आ रही है। हम उर्दू भाषियों को हाशिये पर लाने का काम किया जा रहा है। झारखंड राज्य के 22 वर्ष होने के बाद भी उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं हो पाई है। मदरसों को भी अभी तक अनुदानित नहीं किया गया है। सरकार केवल मुस्लिमों का वोट लेना जानती है। उन्होंने आगे कहा कि आए दिन मुस्लिमों को मॉब लिंचिंग कर मौत के घाट उतार दिया जाता है इस पर सरकार को चाहिए कि जिस प्रकार हरिजन एक्ट बनाया गया है उसी प्रकार मुस्लिम एक्ट बनाकर मुस्लिमों को सुरक्षा प्रदान किया जाए। उन्होंने आगे और भी कहा कि हमें खैरात नहीं हमें अधिकार चाहिए। कॉन्फ्रेंस में आए सभी उल्लेमाओं ने समाज में शिक्षा और नैतिकता के बारे में अपना अपना विचार रखा।



## देश की आजादी के लिए मुस्लिम शिक्षाविदों ने पानी की तरह खून बहाया : मुफ्ती अब्दुल्लाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश की आजादी में मुस्लिम विद्वानों, शिक्षाविदो ने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के खिलाफ ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है। इतिहास के पन्नों में उनकी भूमिका अहम है। ऐतिहासिक तथ्यों को नकारा नहीं जा सकता। उक्त बातें मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने कहीं। वह गुरुवार को प्रेस बयान में कहा की अंग्रेजों ने व्यापार के बहाने भारत में परवेश करता है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच वित्तीय स्थिरता बनाने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के नाम से देश में प्रवेश किया। और वह देश के कई राज्यों के मालिक बन गए। सिराज-उद-दौला ने बंगाल की भूमि पर ब्रिटिश सांप्रदायिक शक्ति के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1757 प्लासी की भूमि में सिराजुद्दौला अंग्रेजों के खिलाफ देश और जनता की रक्षा के लिए शहीद हो गया। उन्होंने देश के नाम और देश के प्यार में देश के नाम अपना खून दिया। मौजूदा पीढ़ी इस इतिहास से अनभिज्ञ है। मैसूर की धरती पर हैदर अली के बेटे सुल्तान फतेह अली उर्फ टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा बनाया और वतन की मिट्टी की रक्षा के लिए चार बार अंग्रेजों से लोहा लिया। भारत की भूमि पर संयुक्त राष्ट्रीयता के सिद्धांत के तहत टीपू सुल्तान ने विकास के सभी क्षेत्रों में सभी को बराबर हिस्सा दिया।प्रेम और भक्ति के साथ व्यवहार किया। टीपू सुल्तान मैसूर जिले के 164, मंदिरों के लिए वार्षिक खर्च दान करता था। सुल्तान ने जो किया उसकी दुनिया के इतिहास में कोई मिसाल नहीं मिलती।



## आजसू कार्यालय चितरपुर में कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत आजसू प्रधान कार्यालय चितरपुर में एक आवश्यक बैठक हुई! बैठक में बतौर मुख्यातिथि आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह चितरपुर प्रखंड प्रभारी हसन अंसारी उपस्थिति हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पंचायत प्रभारियों को कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर केंद्रीय महासचिव हाजी रफ़ीक़ अनवर, केन्द्रीय सचिव इंतेखाब आलम, जिला सचिव लालचन्द महतो, जिला उपाध्यक्ष हकीम अंसारी, लाडले खान, नुरुल होदा, लक्ष्मी भगत, प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, प्रखंड सचिव दशरथ कुमार, महिला नेत्री देवंती देवी, सुशीला देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष टुशील देवी, भानु महतो, समसुल अंसारी, नेसार अंसारी, मलेश्वर नायक, सलीम अंसारी, सहित दर्जनों की संख्या में आजसू के वरीय नेतागण व चितरपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत प्रभारियों की उपस्थिति रही।




### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ...93 दिनांक ...18.01.23

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी माँस, मदिरा (शराब) की दूकाने बन्द रहेगी। उक्त तिथि को दुकान बन्द नहीं होने पर निगम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 287917 District(22-23)#D



### कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कोडरमा
### अतिअल्पकालीन निविदा

दिनांक 09–09–2022 को सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय डोमचॉच एवं चन्दवारा में छात्राओं को विद्यालय में रखने हेतु आधारभूत संसाधनों से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा के पत्रांक 63 दिनांक 11–01–2023 के द्वारा प्राप्त सामग्री की सूची के अनुसार निम्न सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

सामग्री क्रय हेतु इच्छूक निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उप विकास आयुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30 – 01 –2023 के अपराह्न 01.00 .बजे तक जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 30 – 01 –2023 को 03.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्ते कोडरमा जिला के वेवसाईट **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त
कोडरमा।

PR 287956 Rural Development(22-23)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–30/2022–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 03..02.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Family Judge's Residence situated at Forest Colony, Hazaribag | 1811950/- | 37000/- | 5000/- | 03 माह |
| 2 | Renovation of CJM Residence situated near Mt. Carmel School, Hazaribag | 1593200/- | 32000/- | 5000/- | 03 माह |
| 3 | Renovation of Registrar Quarter in the campus of Civil Court, Hazaribag | 1794100/- | 36000/- | 5000/- | 03 माह |
| 4 | Construction of Drain sri Raman Kumar Correspondence Clerk Building Circle Residence Campus behind BCD Office at Hazaribag | 682300/- | 14000/- | 1250/- | 02 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 287976 Building(22-23)#D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

**-: निविदा स्थगन सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–RDSD/RAMGARH/05/2022-23,जिसका PR No.–287787 (Rural Work Development) 22-23 *D में प्रकाशित निविदा खोलने की तिथि 19.01.2023 अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 287969 Rural Work Department(22-23)#D



### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **230/2022-23/RWD/RANCHI** दिनांक :- **19.01.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ RANCHI/44/ 2022-23 | पिस्का से वाटर पार्क तक भाया मनातू पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 1.740 कि0मी0) | 1,11,73,200.00 | एक करोड़ ग्यारह लाख तिहत्तर हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **31.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **13.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **14.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **15.02.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **राँची** के पक्ष में एवं **राँची** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR287924 (Rural Work Department)22-23*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या – **RE-RDD/SD/HZB/19/2022-23**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/19/2022-23 | हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखण्ड में मनातू पंचायत में ग्राम मसूरिया, लाजिदाग पहुंच मार्ग के गदुर विगवा नदी पर पुल निर्माण | 30100305.00 | 602500.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Affidavit एवं Bank certificate for Credit Facility जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–02.02.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
6. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–03.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 287972 Rural Development(22-23)#D

## 400 विधार्थियों के बीच रेम्बा में हुआ क्विज प्रतियोगिता

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के रेम्बा पंचायत के इण्डियन



लायंस क्लब द्वारा क्लब के छठी स्थापना दिवस,गणतंत्र दिवस तथा सरस्वती पूजा के अवसर पर पंचायत स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को रेम्बा पंचायत के मध्य विद्यालय रेम्बा, कन्या उत्क्रमित विद्यालय रेम्बा, उत्क्रमित विद्यालय चिरुमहुआ, मध्य विद्यालय मल्हों के कक्षा 6 से 8 तक के विधार्थियों के बीच कुल 4 सेंटर पर निशुल्क क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराया गया जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया । मौके पर उपस्थित क्लब अध्यक्ष सुधीर वर्मा ने कहा की हमारे ग्रामीण विधार्थियों में भी प्रतिभा की कमी नही है बस उसे निखारने की आवश्कता है क्लब लगातार 6 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण विधार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य क्विज एंव मौखिक जीके के माध्यम से कर रही है ।गुरुवार को हुवे क्विज प्रतियोगिता का परिणाम 28 जनवरी को दिन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जारी किया जाना है जिसमे टॉप 10 प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाना है। क्विज प्रतियोगिता में उपस्थित क्लब सचिव बंसत राम कोषाध्यक्ष छोटन राणा, शंकर वर्मा, प्रवीण राणा,छोटू राणा, अजय मंडल,सुरेंद्र वर्मा, धीरज स्वर्णकार, दिवेश गुप्ता,आशीष वर्मा, अभिनंदन वर्मा, सौरभ राणा, त्रिभुवन मंडल, मंटू साव,सुनील मंडल,छोटन यादव, बाबुनंद यादव, नरेश, गुलशन राम,अनीश मंडल, पिंटू साव, मंटू राम, मोनू सहित कई क्लब सदस्य उपस्थित थे।

## चोंगाखार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया स्वेटर का वितरण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत चोंगाखार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में झारखंड सरकार के बाल विकास परियोजना के द्वारा प्रदत नौनिहालों के लिए स्वेटर का वितरण गुरुवार को किया गया. इस बीच आंगनबाड़ी केंद्र गुरहा नीचे एवं उपर टोला, आंगनबाड़ी केन्द्र परसबनी, आंगनबाड़ी केंद्र दुधियानो, आंगनबाड़ी केंद्र चोंगाखार यादव टोला समेत कुल छ् आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा के द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया. मौके पर अमीत यादव, सेविका सुमन वर्मा, सेविका गुडिया वर्मा, शकुन्तला देवी, सुनील यादव, राम लखन यादव, शिक्षक राजेन्द्र कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मनोज तुरी, राजू यादव, दिनेश यादव,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पूर्वी टुंडी प्रखंड सभागार में दुर्घटना में घायल लोगों को बचाने के दिया गया जानकारी

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में एनडीआरएफ की टीम ने दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाने तथा सीपीआर देने वह सर्पदंश से जान बचने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दिया। दुर्घटना में घायल लोगों को शरीर के किसी अंग से खून के बहाव को रोकने के तरीके तथा हृदय गति रुकने पर किस तरह से सीपीआर दिया जाए उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया। बिहार राज्य के पटना से आए 9 बटालियन एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एवं संदीप कुमार,संजय यादव, किशोर सौरभ ने दिया, कार्यक्रम मुख्य रूप से बीडीओ यस्मिता सिंह,सीओ राकेश भूषण सिंह, मुखिया खमा मोदक, मुखिया कन्हाई चार,मोहलीडीह पंचायत की मुखिया बुलू देवी, उप मुखिया प्रकाश महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद खान, प्रखंड कार्यालय के नाजिर तबरेज अंसारी,पंचायत सेवक राम सागर राम, पंचायत सेवक टिंकू बावरी, पंचायत सेवक, वीरेंद्र हादसा, नित्यानंद मंडल,आदि उपस्थित हुए।

## पहले सिजुआ वासियों को पुनः आवास स्थापित करना होगा : रणविजय सिंह

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिजुआ बचाओ समिति के बैनर के



तले सिजुआ स्टेडियम में सिजुआ बचाओ समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित महापंचायत में मुख्य रूप से शामिल हुए। बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता रणविजय सिंह। सिंह का स्वागत तमाम सिजुआ नगर वासियों ने किया एवं सिंह ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहां की सिजुआ के लोग सिजुआ में ही जन्म लिए हैं और सिजुआ में ही अपनी अंतिम सांस लेंगे और बीसीसीएल अपने इरादों से पीछे हटे जब तक मैं हूं तब तक सिजुआ रहेगा। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा महतो,पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय, कांग्रेस नेता अशोक सिजुआ स्टेडियम संचालक सुरेंद्र एवं सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 20 जनवरी को निकाली जाएगी श्री सत्य साईं संस्थान का भव्य शोभायात्रा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को अशोक चौरसिया ने बताया श्री सत्य साईं संस्थान धनबाद द्वारा शुक्रवार, 20 जनवरी 2023 को सुबह 10.30 बजे तेतुलतल्ला मैदान पुराना बाजार से कतरास रोड भारत मोटर मटकुरिया तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा विगत 9 जनवरी से 20 जनवरी तक अवेरनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें भगवान श्री सत्य साईं ऑर्गेनाइजेशन,पुट्टपर्थी के द्वारा क्लास के.जी. से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक की निःशुल्क शिक्षा, अनेक जटिल रोगों का निःशुल्क उपचार, हृदय रोगियों के लिये निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी जैसे अनेक मानवसेवा के लिए किये जा रहे कार्यों को प्रचारित किया जा रहा है।

## अंतर केंद्रीय उर्जा बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीवीसी की महिला "षष्ठी कर्मकार"ने जीता खिताब

### एकल खिताब जीत कर डीवीसी का बढ़ाया मान

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीवीसी मैथन द्वारा आज एक प्रेस विज्ञप्ति



जारी कर कहा है कि विधुत मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में (आर ई सी) द्वारा दिल्ली में 9 जनवरी 13 जनवरी तक आयोजित अंतर केंद्रीय उर्जा सार्वजनिक उपक्रम बैडमिंटन प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम की ओर से ÷षष्ठी कर्मकार÷ कनीय अभियंता महिला एकल में खिताब जीत कर दामोदर घाटी निगम का मान बढ़ाया है बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एकल का खिताब जीतने पर डीभीसी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा अन्य कई लोगों ने भी बधाई दी है।

# वर्चस्व को लेकर सिंह नगर में चली गोली और बम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** गुरुवार 19 जनवरी को झरिया के सिंहनगर के निकट का इलाका धमाकों की आवाज से गूंज उठा. भाजपा और कांग्रेस खेमे में बटे दोनों घरानों के समर्थक एक दूसरे पर टूट पड़े. जमकर बम फटे, गोलियां चली, तलवार और पत्थर बाजी भी हुई. खूनी संघर्ष में दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए. चार घायलों को यहा अस्पतालों में दाखिल किया गया, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. पिछले एक माह के बीच दोनों दबंग घरानों के बीच खूनी संघर्ष की यह दूसरी बड़ी घटना है. दोनों घरानों का राजनीतिक व प्रभाव क्षेत्र झरिया ही है. जहां गोलीबारी हुई. बताया जा रहा है कि आज सुबह दोनों घरानों के समर्थक झरिया के भुईयांपट्टी में जा भिड़े. जमकर बम, गोली और तलवार व पत्थर चले. पुलिस ने घटनास्थल से पांच जिंदा बम, तलवार व खोखा बरामद किया है. बताया जा रहा है कि दो दिन पहले सिंह नगर भुइयांपट्टी के दर्जनों महिला पुरुष चंदन सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे. अनुमान है कि बम गोली चलने का यह भी एक कारण हो सकता है. वही मुहल्ले में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है. स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ही परिवार के दो राजनीतिक दल वाले परिजन के समर्थकों के बीच गोलीबारी व बमबारी हुई है. ऐसा बताया जा रहा है कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर भी धनंजय यादव व रामबाबू धिक्कार के बीच पुराना विवाद खूनी संघर्ष का मुख्य कारण है. घायल दो लोगों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा दो को जालान हॉस्पिटल में दाखिल किया गया है. एसएनएमएमसीएच में भर्ती घायल व्यक्ति का नाम निरंजन कुमार बताया जा रहा है. उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## जीएम के प्रयास से साइडिंग के ठेकेदार ने पीएफ मद में साइडिंग के मजदूरों के एकाउंट में 2018-19 के वर्ष का लगभग 97 लाख रुपया जमा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना क्षेत्र के छः और नौ नंबर साइडिंग के मजदूरों का पीएफ कि बकाया राशि को जमा करने को लेकर वर्षो से प्रबंधन और यूनियन नेताओं के बीच चलता आ रहा विवाद कि जमी बर्फ अब धीरे धीरे पिघलने लगी है। बच्चा गुट के सचिव एकलव्य सिंह एवं लोदना जीएम के प्रयाश से साइडिंग के ठेकेदार ने पीएफ मद में साइडिंग के मजदूरों के एकाउंट में वर्ष 2018-19 के वर्ष का लगभग 97 लाख रुपया जमा किया है। पीएफ कि राशि जमा होने पर गुरुवार को साइडिंग के बच्चा गुट के मजदूरों ने क्षेत्रीय सचिव मृणाल कांत सिंह और अजय पासवान के नेतृत्व में साइडिंग में विजय जुलुश निकालकर एक दुसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त करते हुए अपने नेता एकलव्य सिंह के प्रति आभार जताते हुए बधाई दिया है।मालूम हो कि दोनों साइडिंग में लगभग चार दशक से 254 असंगठित मजदूर कार्य कर रहे है लेकिन मजदूरों का पीएफ नहीं कटता था। दिवंगत नेता के स्व नीरज सिंह के प्रयाश से मजदूरों का पीएफ कि कटौती होने तो लगी मगर काटी गई राशि को संबंधित ठेकेदार पीएफ मद में जमा करने से लगातार टालमटोल करते रहे हैं। पीएफ राशि को जमा करने के मुद्दे पर साइडिंग में कार्यरत कुंती और बच्चा गुट तथा बिसीकेयूकि ओर से लगातार आंदोलन कि जाती रही हैं। पीएफ कि एक किश्त जमा होने पर मजदूरों ने राहत कि सांस ली हैं। मृणाल कांत सिंह ने कहा कि उनके नेता एकलव्य सिंह ने पीएफ कि राशि जमा कराकर मजदूरों के हक में विकाश कि लंबी लकीर खींचने का काम किया हैं। मजदूरों ने आज आंशिक दीपावली मना रही है। मौके पर अजय पासवान ,विजय पासवान ,असलम खान ,सिकंदर पासवान ,राजकुमार सिंह ,जाहिद अली ,विनोद राम ,विद्या सागर निषाद ,दिनेश पासवान ,नरेश रविदास थे।

## झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी एवं झारखंड राज्य एएनएम, जीएनएम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ एवं झारखंड राज्य एएनएम, जीएनएम कर्मी संघ के संयुक्त आह्वान पर 17 जनवरी से पूरे झारखंड राज्य के सभी जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है । वही गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में भी हड़ताल के तीसरे दिन भी गिरिडीह जिले में तमाम पारा मेडिकल कर्मी हड़ताल पर रहे।सदर अस्पताल गिरिडीह परिसर में तमाम कर्मचारी उपस्थित होकर एकजुटता का परिचय देते हुए हड़ताल को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष शंभू महथा की अध्यक्षता में हड़ताली भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार से प्राप्त एक सूत्री मांग सभी अनुबंध कर्मी को समायोजित करते हुए नियमितीकरण हेतु के बारे में संबंधित किया ।जिला सचिव प्रवीण कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के सभी पारा मेडिकल कर्मी विगत दिन दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। गिरिडीह जिले के तमाम पारा मेडिकल कर्मी हड़ताल पर है ।इसके लिए मैं तमाम पारा मेडिकल कर्मचारियों को क्रांतिकारी अभिनंदन करता हूं एवं जिले के तमाम पारा मेडिकल कर्मी को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक पारा मेडिकल कर्मी को समायोजित नहीं करता है तब तक हम हड़ताल जारी रखेंगे।

## क्रांतिकारी साथियों के दम पर झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को रफ्तार मिली : हलधार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** झारखंड आंदोलन के क्रांतिदूत शहीद श्रीप्रशाद महतो, तिलकधारी महतो, एवं जयलाल महतो की 41 वां शहादत दिवस पर सियालजोरी गांव में मनाई गई. इस अवसर पर मुख्य रूप से भाषा, खतियान आंदोलनकारी क्रांतिकारी नेता टाईगर जयराम महतो पहुंचे, शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. इस अवसर पर श्रितिज स्कूल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए टाईगर जयराम महतो ने कहा कि झारखंड में शहीदों का लंबा इतिहास रहा है जिन्होंने जल, जंगल, जमीन, की रक्षा के लिए भाषा, संस्कृति और झारखंडी अस्मिता के लिए अपना बलिदान दिया है. इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मासस के केन्द्रीय महासचिव हलधर महतो ने कहा कि तीन क्रांतिकारी साथी जिनके दम पर न सिर्फ झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को तेज रफ्तार मिली। इस अवसर पर मासस नेता जगदीश रवानी, मासस



युवामोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष बब्लू महतो, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी, महासचिव गयाराम शर्मा, पूर्व मुखिया सीताराम महतो.सुधामय शेखर, नईम अंसारी, लालमोहन रजवार, काली रजवार, इस अवसर पर बिधायक अमर कुमार बाउरी, पूर्व बिधायक उमाकांत रजक, झामुमो नेता बिजय रजवार, नेमचंद महतो नें शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## कर्मचारी चयन आयोग ने एमटीएस भर्ती अधिसूचना किया जारी : जीतेन्द्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने मल्टी टास्किंग स्टाफ के कुल 11409 पद पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी कर दिया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। आयोग के द्वारा कम्पूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का अनुमानित तिथि अप्रैल 2023 दिया गया है। परीक्षा का कार्यक्रम अस्थायी है आयोग द्वारा परीक्षा की तिथि बदलने से अभ्यर्थी को आयोग के अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जायेगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार, बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। सेक्सन -ढ्ढ और सेक्सन -2 के सामान्य



जागरूकता अनुभाग के लिए प्रश्न अंग्रेजी, हिंदी और 13 क्षेत्रीय भाषाओं में सेट किए जाएंगे। परीक्षा के सेक्सन -1 में गणितीय योग्यता के 20 प्रश्न एवं रिजिनिंग एबिलिटी के 20 प्रश्न पूछे जायेंगे । परीक्षा के सेक्सन- 2 में जनरल अवरनेस के 25 प्रश्न एवं अंग्रेजी भाषा के 25 प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा में सेक्सन-1 एवं सेक्सन-2 में पूछे प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक रखा गया है। सेक्सन -1 में पूछे गए प्रश्न के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं किया जायेगा। सेक्सन -2 में प्रत्येक गलत के लिए एक अंक की निगेटिव मार्किंग होगी ।

श्री मनन निःशुल्क एवं डिस्कशन ग्रुप के रीजनिंग एक्सपर्ट जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा की आयोग के द्वारा इस वितीय वर्ष के सभी भर्ती परीक्षा के पैटर्न में बदलाव कर दिया है। मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) परीक्षा के पैटर्न में जो बदलाव किया गया है अभ्यर्थीयो के लिए काफी अनुकुल है। सेक्सन -2 में प्राप्त अंक पे ही अंतिम मेरिट तैयार किया जायेगा। एसएससी के सभी परीक्षा के सिलेबस में बदलाव से यह स्पष्ट हो गया कि अंग्रेजी भाषा और समझ के विषय के प्रश्नों पे ज्यादा ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा पैटर्न में बदलाव किया गया न की सिलेबस में हर विषय का सिलेबस वही है सिर्फ पैटर्न बदला है उसको स्वीकार कीजिये।

कहा कि किसी भी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हमारा पहला कदम होना चाहिए की हम परीक्षा के पैटर्न को अच्छी तरह से समझे, परीक्षा के पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से जाने, और फिर एक संगठित अध्ययन योजना के साथ उसका पालन करना है।

## डीएफओ ने की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वन प्रमंडलीय पदाधिकारी विकास पालिवाल ने आज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के सभागार में विभागीय अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को कार्य पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर वन की रक्षा करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान अधिकारियों व कर्मियों की कुछ समस्या का निपटारा किया गया।

## नवनियुक्त गांडेय विधानसभा प्रभारी का स्वागत बूथ लेवल कमिटी की मजबूती पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू बुधवार देर शाम गिरिडीह जिला अंतर्गत गांडेय विधानसभा के बेंगाबाद प्रखंड में प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस जनों के बीच कांग्रेस कार्यालय बेंगाबाद में उपस्थित होकर की झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा कोडरमा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहाय को गांडेय विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष जैनुल अंसारी, आलमगीर आलम वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक पाठक, बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री मुखिया सह 15 सूत्री सदस्य मो. शमीम, प्रखंड महासचिव मो. आलम अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष मो. मिनसर, प्रखंड सचिव हुसैन अंसारी, समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मौके पर 25 पंचायत अंतर्गत प्रखंड के सभी बूथों, गांडेय प्रखंड के 26 पंचायत अंतर्गत सभी बूथों, और मुफ्फसिल के 15 पंचायत कुल 350 सभी बूथों पर बूथ लेवल कमिटी का जल्द गठन करने एवम शसक्त बनाने के संबंध में चर्चा हुई। मौके पर नवनियुक्त प्रभारी सहाय का बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक कर बेंगाबाद के 25 पंचायत गांडेय के 26 पंचायत एवं गिरिडीह सदर के 15 पंचायत सहित गांडेय विधानसभा के सभी 08 मंडल में एवं 350 बूथों पर कांग्रेस प्रभारी सहाय ने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के अभूतपूर्व भारत जोड़ो अभियान चल रहा है।

## महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में प्रबंधन में रेलकर्मियों की भागीदारी' प्रेम ग्रुप की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में आज 19.01.2023 को हाजीपुर स्थित मुख्यालय के सभाकक्ष में 'प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी' (प्रेम समूह) की वर्ष 2023 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। आज की बैठक में 'एसेट फेलियर रोकने के उपाय' एवं 'माल लदान से रेलवे आय वृद्धि हेतु संभावित कदम' विषय पर विस्तृत विचार विमर्ष किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देष्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहॉं कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है । हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय



बन जाते हैं। यूनियन एवं एषोसिएषन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं । उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में एसेट के रख-रखाव, यात्रियों की मौसम विषेष सुविधा उपलब्ध कराने तथा इससे जुड़े तत्वों की गहन समीक्षा से हमारे निर्णय सटीक एवं अधिक प्रभावी होंगे।

## हर्ल सिंदरी कारखाना में मजदूर का पैर कन्वेयर बेल्ट में फंसा

### एशियन जालान अस्पताल में चिकित्सकों की टीम कर रही है इलाज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी हर्ल खाद कारखाना सिंदरी में पश्चिम बंगाल निवासी एक मजदूर की कन्वेयर बेल्ट में पैर फंस गया. हालांकि उसे किसी तरह निकाल कर इलाज के



लिए अस्पताल भेज दिया गया है. दुर्घटना की पुष्टि हर्ल प्रबंधन ने भी की है. हर्ल सिंदरी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दिसेन राय ने बताया कि ठेका कर्मी पारितोष बनर्जी का पैर बुधवार 18 जनवरी की शाम लगभग साढ़े चार बजे कन्वेयर बेल्ट में फंसने की खबर आई. फिलहाल मजदूर को तत्काल धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल भेजा गया है. चिकित्सकों की टीम दुर्घटनाग्रस्त युवक का इलाज कर रही है. वह हर्ल के श्रमिक कैंप में रह रहा था. समाचार लिखे जाने तक युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा था।

### अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के द्वारा मनाया गया राष्ट्रीयकरण दिवस

## एलआईसी जैसे उत्कृष्ट वित्तीय संस्था का विनिवेशीकरण आम जनता के साथ धोखा है : धर्म प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आवाह्न पर पूरे भारतवर्ष में राष्टीयकरण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरिडीह शाखा इकाई के द्वारा प्रेस वार्ता रखा गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शाखा सचिव सह मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को तत्कालीन केंद्र सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से 250 निजी देशी-विदेशी बीमा कंपनियों तथा भविष्य निधि समितियों का प्रबंधन अपने अधीन कर लिया तथा कंपनियों का निगरानी एवं संचालन का जिम्मा भारत सरकार द्वारा नियुक्त 45 अभीरक्षकों के अधीन कर दिया गया। तत्पश्चात उन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर 1 सितंबर 1956 को भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई। तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ0 सी डी देशमुख ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा था कि हम एक गतिमान और शक्तिशाली संगठन का निर्माण करने जा रहे हैं जो पूरे देश के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों को बीमा सुरक्षा प्रदान करेगा तथा उनके बचत वह सुरक्षित रखेगा। संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने कहा था कि बीमा उद्योग का राष्टीयकरण होना चाहिए तथा इसका प्रबंधन हमेशा राष्ट्र के अधीन होना चाहिए।

# डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्रामीणों की समस्या से हुए अवगत कहा,

## प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा समस्या का समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बृहस्पतिवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह माननीय मंत्री योजना सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा प्रखंड के ग्राम रघु टोली, करचा टोली, नदिया, बाघा नवाटोली, रामपुर रूगड़ी टोली आदि गांवों की किए दौरा सुने आम जनता की समस्या। ग्रामीणों ने माननीय मंत्री सह विधायक लोहरदगा डॉ रामेश्वर उरांव से समस्याओं से अवगत कराए जिसमे मुख्य समस्या राशन कार्ड, विधवा पेंशन,बृद्धा पेंशन, आवास योजना,सड़क की समस्या आदि अन्य समस्या रखी गई। मौके और डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता



की समस्या का समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता है। झारखंड सरकार के द्वारा काफी जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिससे आम जनता को काफी लाभदायक है। जिसका फायदा सभी जनता को लेने की जरूरी है। सरकार के हर योजना गांव गांव तक पंहुचे यही उद्देश है हमारी। मेरे विधायक मद के द्वारा भी गांव की जो मुख्य समस्या है उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जिससे गांव का विकास। हो सके। साथ ही राशन कार्ड,विधवा पेंशन, बृद्धा पेंशन, आवास योजना,सड़क की समस्या आदि अन्य समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग एव अधिकारियों से तवरीत करवाई करते हुवे समाधान करने को कहा गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष, हाजी सकील अहमद,मंत्री सचिव संजय दुबे, प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, आजाद खान, संतोष महतो असलम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतदेव भगत,20 सूत्री अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, जितेंद्र उरांव, दिनेश उरांव, अमृत लकड़ा, अजय उरांव, धीरज उरांव,परवेज अंसारी, तबरेज अंसारी, बबलू अंसारी आदि उपस्थित थे।

## आज मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में दिनांक 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम का उदघाटन मंत्री डा0 रामेश्वर उरांव के द्वारा किया जयेगा। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहु माननीय राज्यसभा सांसद, उपायुक्त लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा, अध्यक्ष जिला परिषद लोहरदगा, संजय साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित अशोक यादव की अध्यक्षता में समिति की आवश्यक बैठक खेल मैदान में की गई। जिसमें तैयारियों की समीक्षा कर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सचिव सुखैर भगत, संजय बर्मन, कमल केसरी, सुधीर अग्रवाल,अरुण राम, राहुल कुमार, अजय प्रसाद, सजित लकड़ा, नसीम अख्तर, मोहन दुबे, मुरारी गोस्वामी, दुर्गा भगत, शाहिद अहमद बेलू, साजिद अहमद चंगु, विनय उरांव, सुनील साहू, संतोष राम, एस सुजुद्दीन, कुणाल अभिषेक, गौतम लेनिन, धर्मेंद्र भगत, तनवीर गौहर, सदरुल अंसारी, इमरान आजाद, मोहम्मद इम्तियाज, सुखदेव उरांव, साबिर हुसैन, नईम खलीफा, अनुज कुमार, तबारक अंसारी, सत्यजीत सिंह, जफर इमाम, यूनुस अंसारी

## सड़क हादसे में मृत अज्ञात वृद्ध का हिरही निवासी के रूप में हुआ शिनाख्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप बुधवार को देर शाम गुमला लोहरदगा राष्ट्रीय मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। जिसकी पहचान नही हो पाया था। वहीं पुलिस अज्ञात वृद्ध के शव को पहचान करने में जुटी हुई थी। इसी बीच मृत वृद्ध का पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के हिरही जुबला टोली निवासी भीखराम भगत के रूप में किया गया। मृतक का पुत्र रंजीत भगत ने वृद्ध का फोटो देख बताया कि मेरे पिता है। जो मानशिक रूप से विक्षिप्त होने का भी बात बताया है। वही बताया जाता है कि घटना के पूर्व समाजसेवी अरु बाँधटोली निवासी शौकत अंसारी ने वृद्ध से घर का पता पूछते हुए भोजन कराया था। शौखत अंसारी के बताने के अनुसार मृतक के बारे में छानबीन चल ही रहा था। की मृतक के पुत्र द्वारा शव को पहचान कर पत्रकारों को फोन से अपने पिता के बारे बताया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का शिनाख्त होने के उपरांत उसके परिजनों को बुलाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा पोस्टमार्ट के पश्चात अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौप दिया जाएगा।

## सड़क पार कर रही बच्ची को कार ने रौंदा, जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही मासूम



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है जहां वीडियो में साफ तौर पर नजर आ रहा है कि कैसे एक तेज रफ्तार कार एक मासूम बच्ची को पहले टक्कर मारती है उस दौरान बच्ची कार की टक्कर की वजह से जब रोड पर गिर जाती है तो उसकी मदद के बजाय कार ड्राइवर उसके ऊपर से कार चढ़ा कर तेजी से आगे निकल जाता है। वहीं कार ड्राइवर की इंसानियत इस कदर मर गई थी कि उसने एक बार उस मासूम बच्ची की हालत देखने या उसकी मदद करने की कोशिश तक नहीं घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दरअसल ये घटना 16 जनवरी की है लोहरदगा जिले में शहरी क्षेत्र के पतराटोली पेट्रोल पंप के पास की है स्थानीय लोगों ने बताया कि खलारी के रहने वाले विक्रम उरांव की 4 साल की बेटी सुरभि कुमारी अपनी मां के साथ अपने बीमार पड़े ममेरे भाई को मिलने लोहरदगा के पतराटोली आई हुई थी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मासूम 4 साल की बच्ची सुरभि कुमारी घर से बाहर निकल कर खेल रही थी इसी दौरान उसने देखा कि सड़क के उस पार उसका ममेरा भाई खडा था, जिसे देखकर बच्ची सड़क पार करने लगी इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने बच्ची को टक्कर मार दी। वहीं कार से टक्कर होने के कारण बच्ची लगभग 10 से 15 फीट आगे सड़क पर उछल कर गिर गई टक्कर मारने के बाद जब बच्चे सड़क पर गिर गई तो कार ड्राइवर बच्ची को मदद करने के बजाय उसके ऊपर से कार को चढ़ाकर पार कर गया। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में बच्ची को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल राजधानी रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

## रात्रि भ्रमण कर गांव वालों की समस्या सुनने पहुंचे विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर :** ठेठाईटांगर प्रखंड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने रात्रि भ्रमण कर गांव वालों से मिलने पहुंचे तथा गांव वालों का समस्या भी सुने। गांव वालों ने विधायक को बताया कि पिछ्ले साल जनवरी 2022 में वन विभाग के तरफ से हम गांव वालों के ऊपर केस दर्ज कर दिया गया था। हम भोले-भाले जनता है जिसमें हम लोगों के ऊपर इस तरह का केस होना, हम लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी इनकी बातो को सुन कर संज्ञान लेते हुए कहा कि मैं उच्च अधिकारियों से बात करके आप लोगों के समस्या का निदान जरूर करूंगा और मैं वन अधिकार के नियम के बारे में भी कुछ बताना चाहता हूं। वन में निवास करने वाले



ऐसे अनुसूचित जनजातियो एवं अन्य परम्परागत वन निवासियो को जो वन क्षेत्रो में पीढियो से निवास कर रहे हैं, किन्तु उनके अधिकारो को अभिलिखित नही किया जा सका हैं। वन अधिकारो एवं वनभूमि में अधिभोग/निवास को शासन स्तर पर मान्यता देने तथा उपयोग हेतु अतिक्रमित भूमि का निवास एवं जीविकोपार्जन हेतु अधिकार सौपने के लिए यह नियम लागू किया गया है। यह सुनिश्चित करेगा कि लोग अपने जंगलों का प्रबंधन स्वयं करें, यह अधिकारियों के माध्यम से वन संसाधनों के दोहन को नियंत्रित करेगा जिससे वन शासन में सुधार होगा और आदिवासी अधिकारों का बेहतर प्रबंधन करेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी आलम, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फांसीस बिलुंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार अब्दुल वाहिद, सिहासन डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

## विधुत विभाग ने 16 नामजद पर बिजली चोरी का कराया प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में बिजली विभाग द्वारा विधुत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 16 नामजद पर कारवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बताया जाता है कि बदला में छापेमारी अभियान के पूर्व टीम गठन कर अभियान चलाया गया। गठित टीम में कनीय अभियंता सुजीत कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता, सहायक विधुत अभियंता उमेश कुमार दांगी, सारणी पुरुष, फिरोज अख्तर मानव दिवस कर्मी रंजीत उराँव एवं भोला साहू और शिवशंकर उराँव तथा सेन्हा थाना शस्त्र बल शामिल थे। वही विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि बकया बिजली बिल जमा नही करने पर पूर्व में 6 कंज्यूमर का कनेक्शन



काटा गया था। उसके बाबजूद टोका लगा कर विधुत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। जबकि 5 कंज्यूमर का वैद्य मीटर होने के बाबजूद मीटर से वाईपास कर विधुत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। विवेक कुमार चौहान के स्कूल एवं घर में एक ही कनेक्शन से बिजली इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया। और एल टी लाइन से चार लोग को विधुत ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा इस प्रकार 16 नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में कारवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 12/23 दर्ज कर बिजली अधिनियम 135 एवं 137 के तहत रविन्द्र महतो, सुबोध महतो, पुष्कर महतो, मधुसूदन महतो, रंजीत महतो, बुधन महली, लक्ष्मण राम, भुखन राम, विवेक सिंह चौहान सहित 16 नामजद के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है।

## डॉ अजय पर भाजपा गुंडों द्वारा किया गया हमला को कांग्रेस नहीं करेगा बर्दाश्त : आलोक साहू

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्रिपुरा के मजलिसपुर में कांग्रेस की बाइक रैली में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह त्रिपुरा राज्य के कांग्रेसी प्रभारी डॉ अजय कुमार पर कल बुधवार को हमला हुआ था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा के गुंडों के द्वारा किया गया हमला को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगा। त्रिपुरा सरकार के मंत्री सुशांत चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के गुंडों ने पुलिस के मौजूदगी में डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला किया था। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम है। राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए भाजपा के लोग किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। भाजपा के लोगों का लोकतंत्र और लोकशाही पर भरोसा नहीं रहा। श्री साहू ने चुनाव आयोग से इस घटना को संज्ञान में लेकर उक्त मंत्री को अविलंब बर्खास्त करने की मांग किए। झारखंड के कांग्रेस के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

## अधिकारों को पहचाने ग्राम प्रधान तभी होगा गांव का विकास : मुखिया अनिमा तोपनो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के जलडेगा पंचायत सचिवालय और कोनमेरला पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को लीड्स संस्था के द्वारा 10 गांव के ग्राम प्रधानों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधानों को झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 की जानकारी के साथ साथ, ग्राम सभा सशक्तिकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानों को ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों को सक्रिय करने और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने की जानकारी दी गई। ग्राम प्रधानों के कार्य एवं दायित्व को भी बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोनमेरला पंचायत की मुखिया अनिमा तोपनो ने कहा की आज के समय में गांव गांव में विकास तभी संभव हो सकेगा जब ग्राम प्रधान अपने अधिकारों को जानेंगे, उन्होंने लीड्स संस्था का भी आभार जताते हुए कहा की जलडेगा में एक मात्र ये संस्था है जो हक डुबद्ध अधिकारों को लेकर काम कर रही है, संस्था के माध्यम से कई जरीरतमंदो को योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है तो कई लोग अपने अधिकारों के लिए खुद आगे आ रहे हैं। मौके पर संस्था के जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान, मुखिया अनिमा तोपनो, रोजगार सेवक सहित ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## ट्रक ओनर एसोसिएशन ने गरीब असहाय लोगों के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ के नेतृत्व में इस कप कपाती ठंड में रात्रि पहर पर मनहो ग्राम, पतराटोली, किस्को मोर,साइडिंग आदि क्षेत्रों में घूम-घूम कर गरीब एवं असहाय लोगों के बीच पहुंचकर कंबल एवं गर्म टोपी आदि बांटे। मनहो ग्राम की बुजुर्ग जमना देवी ने कही कि हमें कंबल की बहुत ही ज्यादा आवश्यकता थी जो कि आपलोग इतनी दूर हमारे बस्ती में आकर कंबल और टोपी देले। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि निर्धन एवं असहाय की जितनी सहायता की जाए कम है मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और कहा की हर संभव लोगों का सहयोग आगे भी करते रहेंगे। सचिव मो0 कैश ने कहा की गरीबों के बीच पहुंचकर जितनी मदद की जाए कम है, हर समर्थ व्यक्ति को अपने स्तर से गरीबों को मदद करना बहुत ही पुनीत कार्य है। रात्रि में इस कंबल एवं टोपी वितरण पर कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सचिव मोहम्मद कैश, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, परमानंद कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज साहू, मुकेश कुमार, अतुल कुमार सर्राफ, हर्ष राज आदि मौजूद थे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिये मेहनत करें निश्चित सफलता मिलेगी : सुनंदा दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत नंदलाल प्लस उच्च विद्यालय में विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव सह विज्ञान कला संस्कृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, अंचलाधिकारी विजय कुमार, जीप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, मुखिया राज श्री उराँव, प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास ने कहा की बच्चो के भविष्य निखारने का काम शिक्षक कर रहें है। विद्यालय के बच्चे लगातार मेहनत करें विद्यालय ने काफी लोगों का आगे बढ़ाया है। जिसे छात्र छात्राएँ आज विद्यालय और समाज का नाम रौशन कर रहें है। यह अच्छी बात है। आप सब भी लक्ष्य प्राप्ति के लिये मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी साथ ही कहा कि समय को पहचाने और आगे बढ़े और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का कला सीखे। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहाकी विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विधार्थियो को झारखंड की सांस्कृतिक को सीखने समझने का मौका मत है। दोना पत्तल,गुंगू पत्ता का प्रयोग करने पर प्लास्टिक का उपयोग से बचाव होगा।

## भाजपा की डाटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला सम्पन्न




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा द्वारा एक दिवसीय डेटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वागत एवं विषय प्रवेश करते हैं जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश एवं बूथ तक डेटा प्रबंधन की कार्यशाला की जा रही है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का डाटा सरल एप पर उपलब्ध होगा, एक क्लिक पर सारी जानकारी राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों तक पहुंच जाएगी। वहीं आधार व्यख्यान करते हुए जिला संयोजक श्रद्धानंद बेसरा ने सभी कार्यकर्ताओं को डाटा प्रबंधन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं आने वाले दिनों में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला, एवं बूथ प्रबंधन का डेमो भी दिखाया। डाटा प्रबंधन पर प्रदेश से आए हुए मुख्य अतिथि के तौर पर अमित चरण ने कहा के पिछले 2 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी सरल ऐप पर कार्य कर रही है अब बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता एक ऐप पर एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध मिलेंगे एक क्लिक पर बूथ की सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी, भारतीय जनता पार्टी अब पूरी तरह डिजिटल रूप में आने की ओर बढ़ चुकी है जल्द ही सरल ऐप का विस्तार करते हुए अपने कार्यकर्ता वोटर्स एवं समर्थकों को भी सरल ऐप से जोड़ा जाएगा।

## पांच दिवसीय प्रखंडों में योग प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय चरण का हुआ समापन

**➲योग आयुर्वेद को अपना हम सदैव स्वस्थ रह सकते हैं : डॉ रामा शंकर प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आयुष विभाग द्वारा पांच दिवसीय सीआरपी स्तरीय जिले के प्रखंडों जिनमें कुडू के जीमा,ताकू तथा हेंजला और किस्को के जामुनटोली में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के एंबेसडर द्वारा योग के बारीकियों से अवगत हो रहे हैं। शिविर में प्रत्येक विद्यालय के दो शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण में आयुष विभाग के एंबेसडर योग के बारीकियों से जिनमें योगिक क्रियाएं,आसन एवं आंतरिक अंगों के अभ्यास के लिए प्राणायाम के क्रियाओं से अवगत कराये गए। जिन्हें आज जिला चिकित्सा आयुष पदाधिकारी डॉ रामाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस मौके पर डॉ रामा शंकर प्रसाद ने कहा कि योग प्रशिक्षकों द्वारा बताए गए आसन, प्राणायाम और



ध्यान को आप सभी विद्यालय के बच्चों व परिवार के लोगों को भी बताएं। योग आयुर्वेद को अपनाकर हम सदैव स्वस्थ रह सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि दूसरा चरण योग प्रशिक्षण के उपरांत तीसरा चरण आगामी 21 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक लोहरदगा और पेशरार में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिक्षक शिक्षिकाओं को आयुष विभाग के योग एंबेसडर के द्वारा दिए जाएंगे। आज किस्को में 30, कुडू टाकू में 25, कुडू जीमा में 25 और कुरु हेंजला में 14 समेत कुल 94 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण देने वाले आयुष विभाग के योग एंबेसडर निर्भय भारती टाकू, किस्को में प्रियंका साहू, कुरु हेंजला में शिवराज विजय महतो एवं कुडू जीमा में खुशी भारती के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिनका मार्गदर्शन आयुष विभाग के विक्रांत कुमार के द्वारा दिया गया तथा सहयोगी की भूमिका में सत्यम कुमार व तब्बसुम आदि की सराहनीय रही।

## विधायक कोलेबिरा ने किया विधायक मद से बने खेल मैदान व सेड का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक कोलेबिरा ने बांसजोर प्रखंड अंतर्गत बोंगेरा में अपने विधायक मद से बने खेल मैदान का उद्घाटन फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में विधायक कोंगाड़ी ने कहा कि खेल का मैदान नहीं होने से इस क्षेत्र में छिपी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती थी। गांव में खेल का मैदान होने से खिलाड़ियों को तैयारी करने में असुविधा होती थी। आज यहां मैदान बन जाने से लोगों को खेलने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा।खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खुशहाल व तंदरुस्त जीवन के लिए खेलकूद जरूरी है। विधयक का कहना है कि हमारे कोलेबिरा विधनसभा क्षेत्र में मेरे विधायक मद से खेल मैदान बनवाने का काम में सुरु से ही किया हु ताकि ग्रामीण स्तर पर नए खिलाड़ी तैयार किए जा सकें। बहुत सी प्रतिभाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाया है। इसलिए ग्रामीण स्तर पर सुविधाएं



जुटाने की जरूरतो को में अपने स्तर से पुरी कर रहा हूं। खेल और खेलों का महत्व - खेल का मुख्य उद्देश्य, शारीरिक व्यायाम है। यह एक प्रसिद्ध उद्धरण है। एक ध्वनि शरीर में एक ध्वनि दिमाग होता है। जीवन में सफलता के लिए शरीर का स्वास्थ्य आवश्यक है। अस्वस्थ व्यक्ति हमेशा कमजोरी महसूस करता है, इस प्रकार आत्मविश्वास खो देता है और इसलिए बहुत सुस्त और सक्रिय हो जाता है। स्वस्थ रहने के लिए, खेल और खेल में सक्रिय रुचि लेनी चाहिए। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बांसजोर प्रखंड अंतर्गत कोइडेगा में अपने विधायक मद से खेल मैदान में सेड का भी उद्घाटन किया और कहा कि मैदान मैं सेड का होने से बच्चों को बारिश के दिन में भी बारिश से बचने को मिलता है और बिजली से भी बचने को मिलता है सेड का बन जाने से मैदान में खूबसूरती आ जाती है इससे बहुत सारी सुविधा खिलाड़ियों को मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम अल्पसंखायक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, बांसजोर जिला परिषद समरोम पोल टोपनो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हीरा लाल एक्का, उरते मुखिया सीमा डुंगडुंग, कोंबाकेरा मुखिया प्रसन लुगुन, दयाल बरवा, आसियान खेस आदि मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस पर प्रखंड क्षेत्र में झंडोतोलन को लेकर की बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस आयोजित करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों में समयनुसार झंडोतोलन करने को लेकर विचार विमर्श करते हुए समय निर्धारित किया गया। वही अंचलाधिकारी विजय कुमार ने प्रखंड क्षेत्र स्थित प्रमुख संस्थानों के पदादिकरियो को निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के पूर्व सभी लोग अपने यहाँ राष्ट्रीय ध्वज का जाँच कर लेंगे जिसे झंडोतोलन के समय किसी तरह का परेशानी न हो। साथ ही कहा कि शाम में ससमय झंडा को उतारने का जिम्मेवारी भी सुनिश्चित करेंगे आयोजित बैठक में झंडोतोलन का समय निर्धारित करते हुए सी ओ श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया है। जिसमे बेसिक उच्च विद्यालय में 8:30 बजे, कन्या मध्य विद्यालय में 8:40 बजे, स्वस्थ्य उपकेन्द्र में 8:50 बजे, प्रखंड संसाधन केन्द्र में 9:00 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे, थाना परिसर में 9:30 बजे तथा कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10:00 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रमुख फुलझरी देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, ए एसआई राजेश शर्मा, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार शिक्षिका रंजू साहु, प्रेमदानी कुजूर, सुनीता देवी, चिकित्सा कर्मी किरण मुर्मू, महेश कुजूर के अलावे प्रखण्ड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

